वर्ष- 21 अंक - 284 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, मंगलवार 31 मार्च 2026

## जर्जर मकान गिरा, कई दबे

**कानपुर.एजेंसी।** कानपुर में सोमवार रात को 100 साल पुराना जर्जर मकान भरभराकर गिर पड़ा, इस मकान के नीचे चाय की दुकान थी। हादसे के वक्त वहां कई लोग बैठे थे। हादसे में कई लोग दब गए। बाद में इन लोगों को निकाला गया।

# गैस संकट से फैक्ट्रियों पर ताला
## मजदूरों का पलायन, रेलवे स्टेशनों पर भीड़

**मंगलवार ● एजेंसी**

ईरान जंग के कारण भारत में एलपीजी गैस के संकट ने घर से लेकर बाजार तक हाहाकार मचा रखा है। गैस संकट के कारण कई फैक्ट्रियों पर ताले लग गए। इन फैक्ट्रियों पर काम करने वाले मजदूर अब पलायन कर रहे हैं जिसके कारण रेलवे स्टेशनों पर मजदूरों की भारी भीड़ उमड़ रही है। राजस्थान में कपड़ा, मार्बल और केमिकल फैक्ट्रियां



बंद हो रही हैं।

अजमेर-सियालदह ट्रेन जैसे ही जयपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर रुकी मज़दूरों की भारी भीड़ बिहार, यूपी और पश्चिमी बंगाल लौटने के लिए ट्रेन में चढ़ने के लिए मारामारी करने लगी। अजमेर-किशनगंज ग़रीब नवाज़ एक्सप्रेस में भी जयपुर के प्लेटफार्म नंबर एक पर यही हालात दिखे। ट्रेन में घुसने के लिये लोग एक दूसरे को मारने पर उतारू है।

सभी लोग सामान लेकर लौट रहे हैं। गुजरात के सूरत में भी गैस की भारी किल्लत की वजह से प्रवासी मजदूरों का बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हो गया है। मुंबई में गैस सिलेंडर के लिए लाइन लग रही है और यहां भी मजदूरों का पलायन शुरू हो गया।



## ईरान में अमेरिका ने दागे 2000 पाउंड के बंकर बस्टर बम

**मंगलवार ● एजेंसी**

जंग के बीच अमेरिका ने ईरान के प्रमुख शहर इस्फ़हान में एक बड़े हथियार गोदाम पर हमला किया है। इस हमले में 2000-पाउंड (लगभग 907 किलोग्राम) के भारी बंकर-बस्टर बमों का इस्तेमाल किया गया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इस हमले से जुड़ा एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में रात के अंधेरे में आसमान की ओर उठती आग की लपटें और धुएं का विशाल गुबार साफ देखा जा सकता है।

- **» ईरान का इजरायल पर बड़ा अटैक, यरुशलम में 10 जगह सुनाई दी धमाकों की आवाज**
- **» सऊदी में घरों पर गिरा ड्रोन का मलबा ईरान ने सऊदी के अल-खारज प्रांत में एक ड्रोन दागा, जिसने एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया।**
- **» इराक में अमेरिकी यूनिवर्सिटी पर ईरान का हमला, दुबई में उड़ाया कुवैत का तेल से भरा जहाज**

## ट्रंप ने होर्मुज पर छोड़ी जिद ईरान अब वसूलेगा टैक्स

**मंगलवार.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सहयोगियों से कहा है कि वह होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोले बिना भी युद्ध को खत्म करने के लिए तैयार हैं। ट्रंप और उनके सहयोगियों का मानना है कि अगर ईरान के इस अहम जलमार्ग को जबरदस्ती खुलवाने के लिए कोई सैन्य शुरू किया जाता है तो जंग तय समय (4 से 6 सप्ताह) से और ज्यादा खिंच सकती है। इस बीच ईरान की संसद ने होर्मुज में टोल वसूलने और अमेरिकी-इजरायली जहाजों पर बैन लगाने के कानून पर मुहर लगा दी।

**भारत आने वाले 28 तेल-गैस के टैंकर होर्मुज में फंसे, 1 अप्रैल तक आ रहे हैं 94,000 टन एलपीजी लदे दो जहाज**

## चार मुस्लिम देशों ने कहा– ईरान पर हमले जारी रखो

**मंगलवार.एजेंसी।** जंग में अमेरिका का साथ दे रहे चार मुस्लिम देशों सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और यूएई ने ट्रंप को सीक्रेट मैसेज भेजा है जिसमें कहा गया है कि जब तक ईरान की हार न हो तब तक हमले जारी रखे जाएं।

## पाकिस्तान में गैस पाइपलाइन उड़ाई

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने एक गैस पाइपलाइन को बम से उड़ा दिया है। क्वेटा के बाहरी इलाके में हुए इस हमले के बाद राजधानी समेत पांच अन्य जिलों में गैस की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है।

## नीतीश कुमार के इस्तीफे पर फर्जी हस्ताक्षर

**पटना ● एजेंसी**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल विधान परिषद् की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। इस इस्तीफे के बाद अब लालू की पार्टी राजद के एमएलसी सुनील कुमार सिंह ने त्याग पत्र पर किए गए हस्ताक्षर पर सवाल उठाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया और हस्ताक्षर की जांच की मांग की। पोस्ट में सुनील कुमार सिंह ने नीतीश का नाम लिए गए बगैर लिखा कि छोटे पद का इस्तीफा अथॉराइज्ड पर्सन के समक्ष देना होता है, अतः जांच होना चाहिए कि इस्तीफे पर हस्ताक्षर असली हैं या नकली। ज्ञात रहे कि नीतीश कुमार ने जदयू के एक नेता संजय गांधी के हाथों इस्तीफा भिजवाया था जो स्वीकार भी कर लिया गया।

## नीतीश के इस्तीफे पर रोए नेताजी

**पटना.एजेंसी। राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद नीतीश कुमार ने कल विधान परिषद् की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अब वे मुख्यमंत्री पद से भी इस्तीफा देंगे, लेकिन कब देंगे, इसको लेकर सस्पेंस बना हुआ है। पार्टी के कई नेता नीतीश पर दबाव डाल रहे हैं कि वे मुख्यमंत्री बने रहें। कल जब उन्होंने विधान परिषद् की सदस्यता से इस्तीफा दिया तो उनके करीबी अशोक चौधरी रोते हुए नजर आए।**

## योगी की मां पर अभद्र कमेंट करने वाला मौलाना गिरफ्तार

**लखनऊ ● एजेंसी**

उत्तरप्रदेश पुलिस की एसटीएफ ने बिहार के पूर्णिया से विवादित इस्लामी वक्ता मौलाना अब्दुल्ला सलीम को धर दबोचा है। मौलाना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता और गौमाता के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और



गाली-गलौज वाली भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप है, जिसके बाद यूपी के कई जिलों में एफआईआर दर्ज हुई थी। यूपी एसटीएफ मौलाना को पकड़कर उत्तरप्रदेश ले आई।

## ससुर ने बहू को निर्वस्त्र कर शरीर पर लगाई राख

**कानपुर.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के कानपुर में तंत्र-मंत्र के नाम पर एक बहू के साथ शर्मनाक कृत्य किया गया। सास ने बहू को पूरे परिवार के साथ निर्वस्त्र कराकर पूजा करवाई। बहू के पति ने भी घरवालों का साथ दिया। जब बहू ने विरोध किया तो ससुर व परिवार के अन्य सदस्यों ने मारपीट की। बहू का कहना है कि मुझे निर्वस्त्र कर ससुर के साथ कमरे में बंद कर दिया जहां ससुर ने बहू के निर्वस्त्र शरीर पर राख लगाई और पूजा कराई। पीड़ित महिला की शादी दो साल पहले कौतुक मिश्रा के साथ हुई थी। कौतुक का परिवार एक बड़े नेता का नजदीकी रिश्तेदार है। इस शादी में लड़की वालों ने 5 करोड़ रुपए दहेज में दिए थे।

## भाजपा ने किया जमीन-जिहाद पर रोक का वादा असम के लिए जारी किया चुनावी घोषणा पत्र

**नई दिल्ली.एजेंसी। असम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया। निर्मला सीतारमण व अन्य नेताओं ने यह घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में कहा गया कि अगर असम में फिर भाजपा की सरकार बनी तो प्रदेश में 5 लाख करोड़ का निवेश होगा और जमीन जिहाद पर रोक लगाई जाएगी।**



## टिकैत की गिरफ्तारी पर उप्र में बवाल

**लखनऊ.एजेंसी।** भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत को ओडिशा में गिरफ़्तार कर लिया गया है, जिसके बाद लखनऊ से मुरादाबाद तक किसानों ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। जगह-जगह टिकैत समर्थकों ने थाने घेरे, नारे लगाए और टिकैत की रिहाई की मांग की।

## पुलिस थाने के पास धमाका

**अमृतसर.एजेंसी।** अमृतसर में सोमवार देर रात थाने के पास एक तेज धमाका हुआ, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। हालांकि इस धमाके से किसी जनहानि की खबर नहीं है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। शुरुआती जांच से ऐसा लगता है कि किसी ने ग्रेनेड फेंककर यह विस्फोट किया।

# सत्तन की खरी-खरी सुनने कांग्रेसी भी पहुंच गए

## दशहरा मैदान के आयोजन में मंच पर वरिष्ठता के आधार जगह नहीं मिली तो लौट आए थे गुरु

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव कांग्रेस और माहेश्वरी समाज से जुड़े मधुसूदन भलिका, यशपाल गेहलोत सहित अन्य कांग्रेसी कल वरिष्ठतम भाजपा नेता सत्यनारायण सत्तन के तम्बोली बाखल स्थित निवास पर पहुंचे और तुलसी पौधा भेंट किया। दशहरा



मैदान के नर्मदा परियोजना चौथे चरण के उद्घाटन समारोह का जिक्र कांग्रेसियों ने सत्तन के समक्ष किया वैसे ही गुरु कांग्रेसियों के सामने भी शुरू हो गए। सत्तन ने भी कांग्रेसियों के समक्ष अपनी परम्परागत बोल वचन जारी रखे और कहा कि भाजपा में पैराशूट से आए नेता भाजपा का अनुशासन नहीं समझते हैं। सत्तन ने भाजपा की वर्तमान कार्यशैली को मूल विचारधारा से भटका हुआ बताया और अप्रत्यक्ष रूप से संगठन में बढ़ती अव्यवस्था पर सवाल उठाए। सत्तन ने कांग्रेसियों से कहा कि जैसा सत्ता में तुम लोगों ने किया था और तुम गड्ढे में गए थे वैसा ही अब भाजपा में हो रहा है, आज नहीं तो कल गड्ढे में जाएंगे।

# भाजपा अध्यक्ष के सामने भी सही-सही बोलते रहे गुरु

## महापौर ने भी किया खेद प्रकट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

वरिष्ठतम भाजपा नेता, पूर्व विधायक और कवि सत्यनारायण सत्तन रविवार को वरिष्ठता के आधार पर मंच पर जगह नहीं पा पाए तो उनको गुस्सा आना स्वाभाविक था। गुरु ने अपनी नाराजगी जाहिर की तो वह नाराजगी चर्चा में बन गई और उसके बाद भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने संगठन का दायित्व समझकर अपने वरिष्ठतम नेता के घर जाकर कार्यक्रम चूक के लिए माफी मांगी और हाथ जोड़कर गुरु के समक्ष बैठे भी रहे और गुरु की माँ सरस्वती विराजित भाषा को वे ग्रहण करते रहे और आखिर में गुरु की सारी बातें सुनकर मनन करके माफी मांगकर नगर अध्यक्ष को हाथ जोड़कर तम्बोली बाखल निवास से विदा होना पड़ा। जब माँ सरस्वती सत्तन की जुबां पर काबिज होती है तो उनके सामने उनकी तोड़ का बोलना वाला कोई नहीं

## माँ सरस्वती हो जाती है वरिष्ठ नेता की जुबां पर सवार, सही-सही बात आती है सामने मिश्रा को भी माफी मांगकर जाना पड़ा



होता है यह हर कोई जानता है और मिश्रा को भी इस बात का आभास था इसलिए नगर भाजपा संगठन प्रमुख ने अपने वरिष्ठ नेता की बात को सुना, मनन किया और माफी मांगकर वापस पलटना उचित समझा, एक शब्द भी सत्तन के सामने मिश्रा ने कुछ नहीं कहा। गुरु के बड़े होने का बड़प्पन दिखाया और संगठन का दायित्व भी मिश्रा ने निभाया।

इधर महापौर पुष्यामित्र भार्गव ने भी बयान जारी कर कहा कि सत्तन हमारे वरिष्ठ नेता है उन्हें विधिवत आमंत्रित भी किया गया था और मंच पर उनकी कुर्सी भी थी, लेकिन नाम की पर्ची कुर्सी पर नहीं लग पाने एवं व्यवस्था में त्रुटि हुई, असुविधा हुई इस पर भी महापौर ने खेद प्रकट करते हुए गुरु से क्षमा भी मांगी है। शहर के प्रथम नागरिक ने भी अपने वरिष्ठतम नेता के लिए हुई चूक पर अपना दायित्व माना और खेद प्रकट कर लिया।

# गेहूं खरीदी की तारीख बदलाव को कांग्रेस ने किसान विरोधी बताया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देपालपुर विधानसभा से जुड़े कांग्रेस नेता मोतीसिंह पटेल ने बयान जारी कर कहा कि लगातार किसानों के खिलाफ और किसान विरोधी कार्य हो रहे हैं। किसान इन दिनों मेहनत की फसल का उचित मूल्य पाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। किसान के पसीने और संघर्ष के प्रति सरकार पूरी तरह उदासीन बनी हुई है। गेहूं खरीदी की तारीखों में लगातार बदलाव पहले 16 मार्च, फिर 1 अप्रैल और अब 10 अप्रैल यह



दर्शाता है कि सरकार के पास किसानों के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। किसानों की उपज खुले में रखी हुई है, मौसम लगातार बदल रहा है। किसान गेहूं खरीदी की तारीख बदलने से नुकासन का जोखिम उठा रहा है। पटेल ने कहा कि गेहूं उपार्जन में भारी अव्यवस्था है, किसानों को फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। इधर सेवा सहकारी संस्था लगातार ऋण वसूली कर रही है, जिसे तत्काल रोका जाए। पटेल ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तुरंत उचित दाम और सुचारू खरीदी व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की तो 2 अप्रैल से सब्जी और दूध की सप्लाई बंद कर दी जाएगी यह निर्णय किसानों की मजबूरी है, क्योंकि अब अन्याय सहने की सीमा समाप्त हो चुकी है। अब किसान भी चुप नहीं बैठेगा। किसान अपना हक लेकर रहेगा, किसान अपनी मेहनत का पूरा हक लेकर रहेगा। उक्त पूर्ण जानकारी दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस नेता मोतिसिंह पटेल ने दी।
























# जीतू पटवारी ने मंत्री तुलसी सिलावट पर व्यंग में कसे तंज

## बाकलीवाल की अध्यक्षता में निकला था बड़ा जैन समाज का जुलूस उसमें पहुंचे थे राजनेता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल और एक अन्य अध्यक्ष के मार्गदर्शन में दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद का बड़ा जुलूस और भगवान का रथ कल कांच मंदिर मध्य क्षेत्र से भ्रमण पर निकला था। बहुत बड़ी संख्या में दिगम्बर जैन समाजजन इस यात्रा में भगवान महावीर के जियो और जीने दो के संदेश और जयकारों में शामिल हुए। शाम को जुलूस वापस कांच मंदिर पहुंचा, जहां कलश किए गए। इस दौरान मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक मालिनी गौड़ और पार्षद योगेश गेंदर, रामबाबू राठौर, राजीव जैन, प्रिंसपाल टोंग्या, महावीर जैन, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता और जैन समाज से जुड़े कई राजनेता भी पहुंचे थे। इधर कांग्रेस की ओर से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, चिंटू चौकसे, अरविन्द बागडी, संजय बाकलीवाल, जैनेश झांझरी, आनंद जैन कासलीवाल भी पहुंचे थे। यात्रा संयोजन की कमान नकुल पाटोदी के हाथों में थी। कल जब कलश के बाद संत के प्रवचन चल रहे थे तब संत ने कहा कि हाथ उठाओ कौन मांस-मदिरा का उपयोग नहीं करता, इस पर जीतू पटवारी का ध्यान मंत्री तुलसी सिलावट के हाथ पर था, सिलावट ने हाथ नहीं उठाया तो पटवारी ने कहा पहलवान आपने हाथ नहीं उठाया पीते हो क्या? चुपके से सेवन करते हो क्या? इस पर सिलावट ने सफाई दी कि मेरा



ध्यान नहीं था। इतनी देर में संत ने फिर कहा जो खूब गलत तरीके से सम्पत्ति कमाता है वह गलत है और गलत तरीके से सम्पत्ति नहीं कमाता है वह हाथ उठाए, इस पर सिलावट ने हाथ उठा दिया। इस पर भी पटवारी ने चुटकी ली और कहा कि पूरी सरकार ही गलत है। पटवारी हंसी-मजाक करते रहे, उनके निशाने पर सिलावट रहे। इधर सामाजिक संसद के चुनाव में अपनी पसंद का योद्धा अध्यक्ष बनवाने वाले रमेश मेंदोला भी कल यात्रा में नदारद दिखे। संत को पटवारी और चौकसे ने श्रीफल भी भेंट किया और आशीर्वाद भी लिया। सिलावट ने पूर्व में ही संत से आशीर्वाद ले लिया था। कल भी दो जगह हुकुमचंद मार्ग और खालसा कॉलेज में सूर्यास्त पूर्व भोजन की व्यवस्था की प्रशंसा भी की गई। कई जैन समाजजनों ने विनय बाकलीवाल के नेतृत्व की प्रशंसा की और कहा कि समय पर सब आयोजन पूर्ण हुए हैं और अच्छे से हुए हैं। अच्छी सूचनाएं पहुंची इसलिए हजारों की संख्या में दिगम्बर जैन समाजजन भी पहुंचे।

# स्लाटर हाऊस को बंद करने के विरोध में आज व्यापारी जनसुनवाई में पहुंचेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

अम्बेडकर नगरी महू में बड़ा स्लाटर हाऊस है जिससे पूरे इंदौर में मटन सप्लाय किया जाता है। छावनी परिषद द्वारा बकायदा नोटिस चस्पा कर इस स्लाटर हाऊस को शुक्रवार से बंद कराया गया है। इस स्लाटर हाऊस के बंद होने से मटन की सप्लाय पूरे इंदौर जिले में प्रभावित हो रही है, इससे व्यापारियों में आक्रोश है।

कल व्यापारियों ने बैठक आयोजित की और तय किया कि छावनी परिषद के स्लाटर हाऊस बंद करने के निर्णय के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर आज ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल होंगे। इधर मिली जानकारी के मुताबिक स्लाटर हाऊस में भी बड़ी




**कैंटोनमेंट बोर्ड चाहता है जानवरों की कटाई के दौरान बहने वाले खून से गंदगी रूके, शहर काजी से भी की थी व्यापारियों ने मुलाकात**

संख्या में व्यापारी काम करते हैं और अपने-अपने ग्राहकों को मांस बेचने का काम करते हैं। इधर कैंटोनमेंट बोर्ड छावनी परिषद ने यह स्लाटर हाऊस इसलिए बंद कराया है कि जब मांस की कटिंग की जाती है तो उससे खून बहता है और पानी के साथ वह बाहर आता है, परिषद यह चाहती है कि अब हम इसके लिए मशीन लगवाएंगे, प्लांट डलवाएंगे, खून के लिए फिल्टर लगवाएंगे, जिससे गंदगी बाहर ना बह सके और व्यवस्था चाकचौबंद रह सके। इधर व्यापारियों का कहना है कि कब मशीन लगेगी, कब प्लांट डलेगा ज़ब तक क्या हमारा व्यापार बंद करें, आज चौथे दिन भी यह स्लाटर हाऊस बंद है। स्लाटर हाऊस के व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं, साथ में जहां मांस की सप्लाय होती है उनका व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि व्यापारी इस मामले में शहर काजी डॉ. इशरत अली से मिलने भी पहुंचे थे और उनके समक्ष भी यह गुहार लगाई थी, शहर काजी ने भी कहा था कि इस मामले में कलेक्टर से मुलाकात की जाए और उसी कड़ी में व्यापारी आज कलेक्टर कार्यालय पहुंच रहे हैं।

# चार दिन बंद रहने के बाद आज खुली बैंक

## पहले ही चल रहा है मार्च का एडजस्टमेंट वाला माह, आज बैंकों पर जबर्दस्त लोड

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

राम नवमी 27 मार्च शुक्रवार को थी और इस दिन बैंकें बंद थी इसके दूसरे दिन चौथा शनिवार और फिर 29 मार्च को रविवार और कल 30 मार्च को महावीर जयंती की छुट्टी घोषित की गई। इस तरह बैंकों में 27 से 30 मार्च लगातार चार दिनों का अवकाश हो गया, जबकि मार्च के अंतिम सप्ताह में कई लोग अकाउंट क्लीयर करते हैं और यह सब बैंकों के माध्यम से किया जाता है। बैंक उपभोक्ता मार्च माह में आई छुट्टियों से परेशान हो चुके हैं, आज मार्च के अंतिम दिन बैंक जैसे ही चालू हुई, बैंकों में कतार लग गई। आज इस अकाउंटिंग सत्र का आखिरी दिन है और जमाने के एडजस्टमेंट बैंक के आज रहते हैं इसलिए बैंकों में आज सुबह से चेक भी लगाए जा रहे हैं, भुगतान भी निकाला जा रहा है और लोग आरटीजीएस भी करा रहे हैं और बैंकों की छुट्टी जो लगातार हुई उसे उपभोक्ता कोस भी रहे हैं।

## सरपंच ने शुरू कराया रोड निर्माण



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बांक पंचायत के सरपंच सोहराब पटेल ने ग्रीन पार्क कालोनी में आरसीसी रोड निर्माण का कार्य शुरू करवाया। रहवासियों ने खुशी का इजहार किया और कहा कि यह काम किसी ईदी से कम नहीं है।



## महापौर को बताई कुरैशी ने समस्या

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा एक के वार्ड 2 चंदन नगर की 60 फीटे रोड को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के समक्ष फ्रैण्ड्स क्लब के सदाकत कुरैशी ने रहवासियों की मौजूदगी में समस्याएं रखी। महापौर ने समस्या और मांगों को सुना और उस पर मंथन की बात भी कही।



## ज़ैन युवाओं के बीच युवा भाजपा नेता

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्रुत संवेगी श्रमण मुनि 108 श्री आदित्य सागर के पाद प्रक्षालन एवं मुनिश्री के अमृत प्रवचन का आयोजन जैन समाज के युवाओं द्वारा महावीर जयंती पर किया गया। युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगा पांडे जैन युवाओं के बीच मौजूद रहे।

# पंजीयन विभाग को 4 माह तक दस्तावेज स्वीकार करना चाहिए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के महानिरीक्षक पंजीयक को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वर्ष के अंतिम दिन याने आज 31 मार्च तक पंजीयन विभाग स्टाम्प एक्ट के अन्तर्गत किसी निष्पादित दस्तावेज के निष्पादन को सही मानता है, जबकि निष्पादन से 4 माह तक दस्तावेज ग्राह्य करना चाहिए। इस तरह के आदेश निकालना किसी आराजकता से कम नहीं है। जबकि निष्पादित दस्तावेज को निष्पादन दिनांक से 4 माह तक पंजीयन हेतु प्रस्तुत किया जा सकता है यह पंजीयन एक्ट की धारा 23 में अंकित है। अगर इससे अधिक समय हुआ तो जिला पंजीयक पंजीयन अधिनियम के प्रावधान अनुसार अतिरिक्त शुल्क अधिभारित करके 4 माह से अधिक अवधि पर दस्तावेज पंजीयन हेतु स्वीकार करने का आदेश दे सकते हैं। मैन्युअल रजिस्ट्री के दौरान पंजीयन कार्यालय में प्रत्येक कार्यवाही पंजीयन अधिनियम एवं स्टाम्प एक्ट अनुसार की जाती थी जब सन 2015 से ई रजिस्ट्री कि व्यवस्था संपदा सिस्टम लागू किया। सब बदल दिया, क़ानूनी प्रावधान आज भी वही है बस अब बदल गयी व्यवस्था 31 मार्च के बाद लागू हो जाती है। नवीन वर्ष की मूल्य गाइड लाइन, पूर्व वर्ष में निष्पादित विलेखो पर नया बाजार मूल्य अनुसार स्टाम्प ड्यूटी देने का भार जनता यह कानून नियम का रहस्य नहीं जानती अतः मज़बूरी में जमा करो, अतिरिक्त अवैधानिक वसूली यह गैरकानूनी कृत्य है। खरीददार ने स्टाम्प ड्यूटी चुकाई सरकारी खजाने में निष्पादित दस्तावेज सरकार की अभिरक्षा में है। संपदा सिस्टम मतलब सरकारी सिस्टम,सरकारी लाकर, तो ऐसे दस्तावेज पर अगले वित्तीय वर्ष की गाईडलाइन कैसे प्रभारित कर लगाई जा सकती हैं। संपदा सरकारी सिस्टम, स्टाम्प कोषालय से लिया, सरकारी कोषालय, नियमानुसार निष्पादन किया गया तो, एक दिन खातिर कानून को बलाएं ताक रख दिया जाता है। यह गैरकानूनी है। हम इसका विरोध करते हैं। व्यवस्था में सुधार करे, जनता को अनावश्यक परेशान नहीं करे। सम्पदा 2-0 की अनेको प्रक्रियाओ का पालन अनिवार्य होने से कई विलेख तैयार ही नहीं हो पा रहे।

# भाभी को हुआ बेटा...परिजनों ने मानी राजा रघुवंशी की वापसी

## 'राजा इज बैक' लिखकर नवजात का किया स्वागत, हाथों में राजा की तस्वीर थामे आई भाभी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि






**ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के बाद गम में डूबे परिवार में खुशियां आई है। राजा के बड़े भाई सचिन के घर बेटे का जन्म हुआ है, जिसे परिवार 'राजा' मान रहा है। परिवार ने ढोल बजाकर जश्न मनाया।**

पत्नी सोनम द्वारा राजा रघुवंशी की हत्या के बाद परिवार लंबे समय से पीड़ा झेल रहा था। राजा के इस दुनिया में नहीं होने के गम में परिवार ने कोई त्योहार नहीं मनाया। बेटे के जन्म के बाद पहली बार घर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला है। परिजन बच्चे को राजा कहकर पुकार रहे हैं। परिवार ने घर पर ढोल बजाकर खुशी मनाई। परिजन जमकर नाचे और नए मेहमान का स्वागत किया। अस्पताल के बाहर भी ढोल बजाए गए।

**ग्यारस के दिन हुआ जन्म-** परिवार के मुताबिक, जिस दिन राजा की हत्या हुई थी, उस दिन भी ग्यारस थी। नवजात का जन्म भी ग्यारस के दिन और लगभग उसी समय हुआ है। इसे परिवार एक संयोग मानते हुए भावनात्मक रूप से जोड़ रहा है।

### 'राजा इज बैक' लिखकर किया भव्य स्वागत

बीती शाम को बेटे को घर लाया गया। इस मौके पर परिवार ने इस पल को पूरे उत्साह के साथ मनाया। परिवार ने पूरे घर को सजाया। मेन गेट पर लिखा 'राजा इज बैक'। शाम को सजी हुई कार में बच्चे और मां को लेकर परिवार के लोग लेकर आए। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। परिवार के लोग ढोलक की थाप पर जमकर थिरकते नजर आए। राजा के भाई विपिन और सचिन के साथ ही परिवार के अन्य लोग ढोलक की थाप पर जमकर नाचे। पूरे उत्साह के साथ नए मेहमान का वेलकम किया, जब सचिन की पत्नी किरण अपने बेटे के साथ घर लौटी तो उनके हाथ में राजा की तस्वीर थी। दोनों हाथों से वह राजा की तस्वीर लेकर चल रही थी। वही माता उमा रघुवंशी के हाथों में नन्हा मेहमान घर में आया।

## भगवान बुद्ध पर टिप्पणी से कोली समाज में आक्रोश

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कोरी-कोली समाज से जुड़े प्रकाश महावर कोली ने बताया कि भगवान बुद्ध पर शिक्षक अवध द्वारा की गई गलत टिप्पणी से कोली समाज में भारी आक्रोश है और समाज ने माफी नहीं मांगने की दशा में राष्ट्रव्यापी आन्दोलन की चेतावनी भी दी है।

### भगवान महावीर के जयकारों के साथ सकोरों का वितरण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री बड़े साथ ओसवाल जैन युवा संघ द्वारा आज महावीर जयंती पर सेवा कार्य के अन्तर्गत 5400 सकोरों का वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में बडी संख्या में युवा उपेन्द्र जैन चीनू, विशाल डागरिया, अंशुल मंडलिक लाभार्थी, निहालचंद, हेमंत, विपुल, अतिशय डागरिया सहित अन्य मौजूद थे।

## निगम बकाया भुगतान पर दे रहा है आज सरचार्ज में छूट

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नगर निगम द्वारा अदालत की तर्ज पर सरचार्ज में छूट देने का काम कर रहा है, आज 31 मार्च तक बकाया सम्पत्तिकर, जलकर जमा करने वालों को सरचार्ज में छूट दी जा रही है। इसमें अलग-अलग छूट, अलग-अलग राशि के मुताबिक दी जा रही है।

## पार्किंग से ही रेलवे को होती है बड़ी आय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पश्चिम रेलवे सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य भाजपा नेता जगमोहन वर्मा ने बताया कि उन्होने सूचना के अधिकार में जानकारी निकाली जिसमें केवल पार्किंग स्टेण्ड से ही इन्दौर रेलवे स्टेशन को 1 करोड़ 87 लख रुपए से अधिक की आय हुई है। यह आय साढ़े 12 माह यानि 1 जनवरी 2025 से 15 फरवरी 2026 तक हुई है। डॉ अंबेडकर नगर महू से 4,87,747/- रुपए, लक्ष्मीबाई नगर से 3,94,375/- रु तथा राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन के पार्किंग से 1,00,232/- रु यानी कि कुल पार्किंग से आय 1,95,97,672/- रु की हुई है। वर्मा ने बताया कि इसी साढ़े 12 माह की अवधि में इन्दौर रेलवे स्टेशन को केटरिंग स्टाल से 50,61,294/-,बुक स्टॉल से 18,405/- रुपए, मिल्क पार्लर से 5,65,860/-, खानपान ट्राली से 9,99,380/- रुपए एवं पार्सल लगेज से 8,72,06,742/- की वार्षिक आय रेलवे को होती है। वही इंदौर रेलवे स्टेशन के शयन कक्ष से 37,97,900/- और डॉ अंबेडकर नगर (महू) के शयनकक्ष से 6,375/-, 1 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक आय अर्जन रेलवे को हुई है। लक्ष्मीबाई नगर, राऊ एवं राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन पर शयनकक्ष की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

## सडक की धीमी गति के काम पर इंजीनियर को नोटिस

### मामला अन्नपूर्णा से फूटी कोठी सड़क का

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा अन्नपूर्णा रोड से फूटी कोठी तक बनाई जा रही सड़क का काम धीमा होने और वहां पर गंदगी पाई जाने के कारण निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने क्षेत्र के इंजीनियर को नोटिस देने का निर्देश दिया है।**

आयुक्त आज सुबह इस सड़क का दौरा करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने वहां पर चल रहे निर्माण कार्य को देखा। इस दौरान निर्माण की गति धीमी पाई जाने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिया कि 1 महीने की अवधि के अंदर इस सड़क के निर्माण को पूरा कर यहां पर यातायात शुरू किया जाएं। वहां पर समस्याएं होने पर उन्होंने तत्काल क्षेत्र के उप यंत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

इसके बाद आयुक्त के द्वारा बिजलपुर में बनाई जा रही सड़क का भी दौरा किया गया। वहां पर ठेकेदार वरुण जैन के द्वारा धीमी गति से काम किए जाने पर जमकर फटकार लगाई और ठेकेदार को निर्देश दिया कि तेज गति के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करें।

## ईस्टर पर्व की तैयारियां शुरू



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। ईस्टर के पवित्र सप्ताह मे मूसाखेड़ी चर्च मे फादर एडवीन जोसफ द्वारा प्रार्थना की गई। ईस्टर पर्व की तैयारियां शुरू की गई। क्रिश्चियन समाजजनों की मौजूदगी रही। अतिथि राहुल निहोरे थे।

## गाइड लाइन में बढ़ोतरी और मेले में वाहन छूट

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने सवाल उठाया कि उज्जैन मेले में क्रोडों का व्यापार हुआ, हजारों वाहन बिकें कारण टैक्सों में भारी छूट राज्य सरकार ने दी। व्यापार मेले की कमयाबी के लिए सरकार वाहनों पर टैक्स की छूट देती है, जबकि चार पहिया वाहन संभ्रांत लोग ही खरीदते हैं और छूट का फायदा उठा लेते हैं, जबकि घर, प्लाट, दुकान, दफ्तर खरीदना, बनवाना लगातार सरकार महंगा कर रही है। गाइड लाइन लगातार बढ़ाई जा रही है। हर वर्ष पिछले साल के टारगेट को बढ़ाने का काम पंजीयन विभाग लक्ष्य के रूप में लेता है और यह सिर्फ गाइड लाइन बढ़ाने से ही संभव होता है। द्विवेदी ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अन्तर है, वाहन को मेले में सस्ता करना और इधर रोटी, कपड़ा और मकान महंगा करना सरकार की गलत नीति है। राजशाही जीवन जीने के लिए वाहन सस्ते किए गए और जरूरतमंदों को रहने के लिए खरीदने वाले प्लाट, मकान की गाइड लाइन बढाई जा रही है जो गलत है।

## टंडन कराएंगे आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कांग्रेस और भाजपा से जुड़ने के बाद अब सामाजिक, धार्मिक कार्य में लगे प्रमोद टंडन इस बार भी हनुमान जयंती 2 अप्रैल को शाम 7 बजे इन्द्रपुरी शिव मंदिर में कार्यक्रम आयोजित करा रहे हैं।

## कल से लगेगा इंदौर में महंगाई का तड़का

### ब्रेड, बिस्किट, जूते-चप्पल और सर्फ सब हो जाएंगे महंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नए वित्त वर्ष के साथ ही कल से इंदौर को महंगाई का तड़का लग जाएगा। नागरिकों को ब्रेड, बिस्किट, जूते-चप्पल और सर्फ सब कुछ महंगा मिलेगा। इसके साथ ही ईरान इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का यह असर इंदौर पर पड़ेगा।**

जब इजराइल और अमेरिका ने मिलकर ईरान पर हमला किया था उसी समय से यह लगने लगा था कि इस युद्ध का बड़ा असर भारत पर पड़ेगा। भारत के सभी राज्यों और शहरों में समस्याएं पैदा होगी। पेट्रोल डीजल और गैस पर सभी की नजर लगी हुई थी। सरकार ने पेट्रोल डीजल पर सेंट्रल टैक्स को कम करके महंगाई बढ़ने से रोक दिया। गैस की कीमतों में इजाफा हो गया है इसके साथ ही 25 दिन बाद नई टंकी की बुकिंग का नियम भी लागू कर दिया गया है। अब इस युद्ध का असर महंगाई के रूप में नजर आना शुरू हो गया है।

इस युद्ध के कारण कल से इंदौर शहर में ब्रेड, बिस्किट, जूते-चप्पल और सर्फ महंगे हो जाएंगे। इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष योगेश मेहता ने बताया कि कच्चे माल की कीमतों में बहुत ज्यादा वृद्धि हो जाने के कारण अब उस माल से तैयार होने वाले पदार्थ की कीमत बढ़ना शुरू हो रही है। ब्रेड की कीमत 30 से 35 हो जाएगी। बिस्कुट की कीमत 5 से 6 हो जाएगी। 100रु. का सर्फ अब 120 से 130 रुपए प्रति किलो का हो जाएगा। इसके साथ ही जूते चप्पल की कीमत भी 15 से 20 रुपए बढ़ जाएगी।

पेट्रोल डीजल की कीमत बढ़ने से रुक जाने के बावजूद रॉ मटेरियल की कीमत बढ़ जाने के कारण यह महंगाई सामने आई है। यदि यह युद्ध आगे और निरंतर रहता है तो भारत सरकार के लिए पेट्रोल डीजल की कीमत को संभालना भी मुश्किल हो जाएगा। ऐसी स्थिति में पेट्रोल डीजल की कीमतों में भी वृद्धि होगी। जब यह वृद्धि होगी तो फिर सामान का परिवहन महंगा हो जाएगा और उसके बाद में महंगाई का एक बड़ा और जोरदार तड़का लगेगा।

कल 1 अप्रैल को नया वित्त वर्ष शुरू होने के कारण केंद्र सरकार के द्वारा टैक्स की दरों में किए गए परिवर्तन का असर भी बाजार पर नजर आएगा। पिछले दिनों केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा जो बजट संसद में प्रस्तुत किया गया था उस बजट के प्रावधानों को कल से लागू कर दिया जाएगा। इसके परिणाम स्वरूप अब नागरिकों के सामने दैनिक जीवन में चुनौतियां बढ़ जाएगी।

# मेट्रो ट्रैक के नीचे निगम का विज्ञापन घोटाला

## एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर ने किया खुलासा, कहा नगर निगम में नहीं चलेगा अधिकारियों का भ्रष्टाचार, दोषियों को भिजवाऊंगा जेल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

### कांग्रेस ने कहा लूट में नहीं मिली हिस्सेदारी इसीलिए घोटाला आया सामने, बजट सम्मेलन के दौरान हंगामा के लिए भाजपा ने कांग्रेस की झोली में एक और मुद्दा डाला



महापौर पुष्यमित्र भार्गव की परिषद के सदस्य और निगम के वरिष्ठ पार्षद राजेन्द्र राठौर ने नगर निगम के अधिकारी और विज्ञापन एजेंसी के बीच सांठ-गांठ होने से करोड़ रूपए के भ्रष्टाचार के आरोप लगाए है। उन्होंने रेडिसन चौराहे पर विजयनगर की ओर जाने वाले रास्ते पर बने डिवाइडर पर लगे लॉलीपॉट विज्ञापन होर्डिंग को अवैध बताया है। इधर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि नगर निगम में जो घोटाले हो रहे हैं और कांग्रेस जिनको जनता के सामने लेकर आ रही है अब भाजपा के एमआईसी सदस्य ही उन घोटाले को सत्यापित करके पूरे शहर को बता रहे हैं कि नगर निगम में 2000 हजार करोड़ का फर्जी फाइल घोटाला हुआ, अब विज्ञापन घोटाला हुआ है जिसमें हिस्सेदारी की लड़ाई चल रही है इसीलिए इस घोटाले को सार्वजनिक खुद एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर ने उजागर कर दिया है। निगम में एक बार फिर अधिकारियों के खिलाफ माहौल तैयार हो रहा है जबकि यह चोरों का काफिला है और इसके सरगना महापौर हैं पूरी लड़ाई भ्रष्टाचार के पैसों में हिस्सेदारी की है। वहीं विज्ञापन घोटाला उठाकर एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर ने कांग्रेस को बजट परिषद सम्मेलन के दौरान भागीरथपुरा के बाद एक और मुद्दा मेट्रो विज्ञापन घोटाले का दे दिया है। इससे सदन में कांग्रेसी भाजपा पार्षदों पर और तीखे हमले कर पाएंगे

### अधिकारियों से मांगे इन सवालों पर के जवाब

एमआईसी सदस्य राठौर ने कहा कि इंदौर नगर निगम के अधिकारी विज्ञापन एजेंसियों के साथ मिलकर नगर निगम के राजस्व को चुना लगा रही है, मेट्रो के डिवाईडर का निर्माण अभी पूरा भी नहीं हुआ है, और विज्ञापन एजेंसी ने होर्डिंग लगाना शुरू कर दिया है। अभी किसने डिवाईडर का ठेका दिया? किसको दिया? कितनी राशि में दिया? टेंडर प्रक्रिया ही निगम ने शुरू नहीं की तो विज्ञापन कैसे लेंगे ? इस मामले की जांच करवाई जाएगी और दोषियों को जेल भेजा जाएगा।

### विज्ञापन होर्डिंग में पारदर्शिता नहीं

एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर ने बताया कि शहर में होर्डिंग का मकड़जाल फैला हुआ, कौनसा होर्डिंग किस विभाग के अंतर्गत आता है और किस विज्ञापन एजेंसी को ठेका दिया गया है, यह समझ नहीं आता। स्मार्ट सिटी, अटल इंदौर सिटी बस ट्रांसपोर्ट सर्विस कम्पनी और नगर निगम के बीच विज्ञापन राजस्व अधिकार क्या है इसमें भी पारदर्शिता नहीं है।

### एक साल पहले डिवाइडर नहीं बना तो लालीपॉप लगाने की अनुमति कैसे?

रेडीसन होटल चौराहे पर लगे अवैध होर्डिंग की जानकारी जब अधिकारियों से ले गई तो उन्होंने बताया कि विज्ञापन लगाने की अनुमति विज्ञापन एजेंसी को एक साल पहले दी गई, लेकिन एमआईसी सदस्य राठौर ने कहा कि सवाल यह है कि एक साल पहले यह अनुमति कैसे दी जा सकती है, उस समय तक डिवाइडर बना ही नहीं था। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच के लिए मैंने महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मांग की है। मंगलवार को इसलिए पत्र लिखूंगा, नगर निगम में खुले रूप से भ्रष्टाचार चल रहा है।

### साइज, स्थान और संख्या में भ्रष्टाचार

एमआईसी सदस्य राठौर ने कहा कि पूरे शहर में विज्ञापन होर्डिंग की साइज, स्थान और संख्या को लेकर बड़ा भ्रष्टाचार चल रहा है, जिसकी पोल अब खोली जाएगी। उन्होंने कहा कि विज्ञापन एजेंसियों की अनुमति जो कागजों पर है उससे कई अधिक बड़ी साइज के बोर्ड मौके पर लगे है, होर्डिंग की साइज और संख्या भी अनुमति से अधिक है। हमेशा से नगर निगम में हो रहे घोटाले और भ्रष्टाचार का मुद्दा कांग्रेस ने उठाया है अब भाजपा के नेता ही इन घोटाले का खुलासा खुद कर रहे हैं और कांग्रेस द्वारा अब तक जो घोटाले जनता के सामने ले गए हैं उनको प्रमाणित कर रहे हैं। अब किसी भी प्रमाण की आवश्यकता नहीं की नगर निगम में जनता के पैसों की लूट चल रही है।

**-जीतू पटवारी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष**

अवैध रूप से होर्डिंग लगाने के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं, इस मामले में संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। यदि कोई गड़बड़ी हुई तो जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-क्षितिज सिंघल, निगम आयुक्त**

# प्राधिकरण के बजट में तीन नए फ्लाईओवर ब्रिज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

### 1000 करोड़ के बजट में टीपीएस योजनाओं के विकास पर जोर, विजयनगर चौराहा की जमीन का होगा निजी भागीदारी से विकास, स्टार्टअप पार्क को आकार देने के लिए प्रावधान

**इंदौर विकास प्राधिकरण के आज प्रस्तुत किए जा रहे बजट में तीन नए फ्लाईओवर ब्रिज के लिए प्रावधान किया जा रहा है। करीब 1000 करोड रुपए के इस बजट में प्राधिकरण की डीपीएस योजनाओं के विकास पर जोर दिया जाएगा। प्राधिकरण के द्वारा विजयनगर चौराहा की जमीन को निजी भागीदारी से विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही स्टार्टअप पार्क को आकार देने के लिए भी प्रावधान किया गया है।**

प्राधिकरण के संचालक मंडल की बैठक आज दोपहर 4:00 बजे प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित की गई है। इस बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं संभाग आयुक्त सुदाम खाड़े करेंगे। बैठक में प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाडे के द्वारा मैं वित्त वर्ष का बजट प्रस्तुत किया जाएगा।

नए वित्त वर्ष के बजट में प्राधिकरण के द्वारा इंदौर शहर में विकास के कार्यों को गति देने के लिए पहल की जा रही है। प्राधिकरण का सबसे ज्यादा जोर तो अपने टाउन प्लैनिंग स्कीम नंबर 8 और 9 के विकास पर है। इसके लिए सबसे ज्यादा धनराशि का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही प्राधिकरण के द्वारा इस बजट में चंदन नगर से गंगवाल बस स्टैंड की तरफ फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण का प्रस्ताव रखा जा रहा है इसके अलावा चोइथराम चौराहा पर भी फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है। प्राधिकरण ने पहले से ही बड़ा गणपति चौराहा पर फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण को मंजूरी दे रखी है।

इस बजट में प्राधिकरण के द्वारा विजयनगर चौराहा पर स्थित परिवहन विभाग की जमीन पर सिटी बस का इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल स्टेशन बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। इस प्रस्ताव के अनुसार प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप में इस स्थान पर एक तरफ जहां बस स्टैंड बनाया जाएगा वहीं दूसरी तरफ कमर्शियल कांपलेक्स का निर्माण किया जाएगा। इस जमीन का उपयोग करने के लिए प्राधिकरण के द्वारा हर साल ही बजट में कुछ पहल की जाती है लेकिन अब तक इस जमीन पर कोई काम शुरू नहीं हो सका है। प्राधिकरण के द्वारा बजट में नया स्टार्टअप पार्क बनाने की विधिवत पहल की जा रही है। यह पार्क रेशो डील के आधार पर निजी क्षेत्र की भागीदारी के साथ बनाया जाएगा। पिछले कई सालों से इस पार्क के निर्माण की योजना कागज में कैद है। अब उस योजना को जमीन पर उतारने का काम किया जा रहा है।

# शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए आज फिर करेंगे चिंतन

### गाड़ियों को चलाने के लिए सड़क पर जगह नहीं है

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर शहर की सबसे खराब यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए आज एक बार फिर चिंतन किया जाएगा। पूर्व में चिंतन करते हुए जो फैसले लिए गए उनका अब तक क्रियान्वयन नहीं हो सका है।**

यह तो सभी जानते हैं कि यातायात व्यवस्था इंदौर की सबसे बड़ी समस्या बन गई है। शहर में नागरिकों के द्वारा जितनी बड़ी संख्या में गाड़ियां ली जा रही है उन गाड़ियों को चलाने के लिए सड़क पर जगह नहीं है। इस समस्या का एक बड़ा कारण यह भी है की गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों के द्वारा सड़क पर गाड़ियां पार्क कर दी जाती है ऐसे में वाहन चलाने के लिए स्थान नहीं बच पाता है।

इस समस्या का समाधान करने के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा के द्वारा हर महीने में एक या दो बार सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की जाती है। इस बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी के साथ ही साथ यातायात विशेषज्ञ भी भाग लेते हैं। सभी के द्वारा यह कोशिश की जाती है कि शहर के यातायात को बेहतर बनाने के लिए पहल की जाएं। इस कमेटी की पिछली बैठकों में जो फैसले लिए गए उनका क्रियान्वयन अभी तक नहीं हो सका है। जो विचार विमर्श किया जाता है वह केवल बातचीत तक सीमित होकर रह जाता है। अब आज फिर से दोपहर के 3:00 बजे कलेक्टर कार्यालय में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक रखी गई है। इस बैठक में पूरी स्थिति की समीक्षा करते हुए शहर के यातायात को किस तरह से अच्छा किया जा सकता है उस पर विचार किया जाएगा।



# श्वेताम्बर जैन समाजजनों ने लगाए त्रिशला नंदन वीर के जयकारे

## *पहले नवकारसी हुई, फिर मंच का आयोजन और संत ने किए मंत्रोच्चार, जगह-जगह स्वागत*



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्वेताम्बर जैन समाज आज भगवान महावीर का जन्म कल्याणक मना रहे हैं। कल दिगम्बर जैन समाज ने भगवान के जयकारों के साथ सभी जैन जिनालयों से सुबह प्रभातफेरी और दोपहर में बड़ा जुलूस कांच मंदिर से शहर के मध्य निकाला था। आज बड़ी संख्या में जैन श्वेताम्बर समाजजन पहले नवकारसी में पहुंचे, जहां गौतम प्रसादी ली गई। रथ यात्रा के पूर्व नवकारसी का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में समाजजन इस प्रसादी के लिए पहुंचे। कई राजनेता भी पहुंचे थे। यह यात्रा आज राजवाड़ा से निकली। बड़ी संख्या में मातृशक्तियां भी इस बड़े जुलूस में शामिल हुई। इस जुलूस के पहले कई जगह जैन समाजजनों ने मंदिर से प्रभातफेरियां भी निकाली। कल भी श्वेताम्बर जैन समाजजनों ने प्रभारफेरी का आयोजन किया था। इस रथ यात्रा में तामझाम, बैनर, पोस्टर भी दिखे। मंचों से स्वगात भी हुआ। त्रिशला नंदन वीर के जयकारे भी लगे। युवाओं के हाथों में रथ आगे ले जाने की जिम्मेदारी दिखाई दी, झांकियां भी शामिल हुई। जियो और जीने दो के अलावा कई संकल्प की तख्तियां भी नजर आई। एमजी रोड से यह जुलूस बड़ा गणपति होते हुए दलालबाग पहुंचा, जहां भोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया। दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल भी जुलूस में पहुंचे थे। स्वप्निल कोठारी, अक्षय बम, कांतिलाल बम, दीपक जैन टीनू, मनीष सुराणा, प्रकाश जैन भटेवरा, राजेश जैन युवा, मनीष शाह, सुधीर सेठिया, नरेन्द्र जैन भटेवरा, अतुल जैन, मनोज जैन, प्रदीप जैन, सचिन जैन, हर्ष जैन, शेखर गिलड़ा, सुरेन्द्र मेहता, नरेन्द्र मेहता, राकेश मेहता मौजूद थे।





# दिगंबर और श्वेतांबर जैन का संयुक्त जुलूस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राजेन्द्र नगर में दिगम्बर एवं श्वेताम्बर जैन समाजज का समग्र जुलूस राजेन्द्र नगर में भगवान महावीर के जन्मकल्याणक पर पालकी यात्रा के रूप में निकाला गया। दोनों ही समाज के समाजजन दीपक पाटनी, प्रशांत बर्वे, कैलाश पाटनी, अशोक मेहता, राजेश तेजावत, सुधीर कटारिया, मानकचन्द चौधरी, अशोक मेहता, कांतिलाल बम, निर्मल कसलीवाल, हेमंत तिवारी, दिलीप पाटनी, राजेश तेजावत मौजूद थे।

# सेटेलाइट जिनालय में जन्मकल्याणक





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन जिनालय सैटेलाईट जंक्शन में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक दिवस पर सेटेलाइट जैन समाजजनों ने पालकी यात्रा भगवान महावीर को विराजित कर निकाली। बैण्ड बाजे ढोलक के साथ कीर्तन पर भगवान के जयकारे लगाते हुए जैन समाजजन मौजूद रहे। अभिषेक, शांतिधारा, आरती, वात्सल्य भोज का आयोजन भी किया गया। श्रीभक्तामर अनुष्ठान 48 दीपको द्वारा एंव भजनों का आयोजन किया गया।



# राजपाल और टीम ने किया स्वागत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कांच मंदिर से दिगम्बर जैन समाजजनों की कल दोपहर रथयात्रा निकाली गई। साधु-संतों और समाजजनों के अलावा अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, नरेन्द्र वेद, नकुल पाटोदी, संजय बाकलीवाल, आनंद कासलीवाल, सुभाष जैन, सौरभ पाटोदी, महावीर जैन का सम्मान किया गया।

# आज वीर अलीजा दरबार में बड़ी रंगोली

## दीपदान में शाम को दीपक से जगमगाएगा मंदिर, कल सुबह प्रभातफेरी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

पंचकुइया स्थित वीर बगीची में पांच दिवसीय हनुमंत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। कल जहां बाबा का विशेष अभिषेक और पूजन 5 घंटे तक किया गया। आज भक्तों के लिए दीपदान और फूलों की रंगोली आकर्षण का केन्द्र रहेगी। आज शाम दीपदान होगा, जिससे मंदिर में दीपों से रोशनी से मंदिर जगमगाएगा और अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। मंदिर में रंगोली भी फूलों से सजाई गई है। कल बुधवार 1 अप्रैल की सुबह 5 बजे से प्रभातफेरी का आयोजन किया है। पवनानन्द महाराज के सानिध्य में 5 दिवसीय आयोजन किए जा रहे हैं। मंदिर को विशेष रूप से सजाया भी गया है। आज शाम दीपदान के दर्शन भी श्रद्धालु करेंगे और कल सुबह से भगवान राम और हनुमानजी के जयकारों के साथ प्रभातफेरी निकाली जाएगी। रास्ते में कई मंचों से भगवान और श्रद्धालुओं का स्वागत होगा। प्रभातफेरी में सैकड़ों सेवादार भी व्यवस्था संभालेंगे, इंदौर के अलावा बाहर से भी श्रद्धालु इस यात्रा के लिए विशेष रूप से आ रहे हैं।

# भगवान महावीर क़ा 2624वां जन्म एवं दीक्षा कल्याणक पर विशेष लेख



'जैन रत्न' राजेश जैन युवा

भगवान महावीर स्वामी केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि मानवता की जागृत चेतना के प्रतीक हैं, उनका जीवन सत्य, अहिंसा और आत्मजागरण का ऐसा प्रकाश है जो युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा। उन्होंने सिखाया कि सच्चा धर्म बाहरी आडंबरों में नहीं, बल्कि अंतर्मन की शुद्धता में बसता है। उनका प्रत्येक विचार समय के साथ और अधिक प्रासंगिक होता गया है। वे हर जीव चाहे एक छोटी चींटी ही क्यों न हो के प्रति करुणा रखने की प्रेरणा देते हैं। महावीर स्वामी ने बताया कि सच्ची वीरता दूसरों को जीतने में नहीं, बल्कि अपने भीतर के क्रोध, लोभ, अहंकार और मोह को जीतने में है, जो स्वयं पर विजय पा ले वही सच्चा महावीर है, उनकी अहिंसा केवल हिंसा का अभाव नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा और सह-अस्तित्व की संपूर्ण जीवन-दृष्टि है। यह सिखाती है कि हर जीव में वही चेतना है, इसलिए किसी को कष्ट देना स्वयं को पीड़ा देना है। अहिंसा के दो स्तंभ हैं अपरिग्रह और अनेकांतवाद अपरिग्रह संतुलन सिखाता है, और अनेकांत हमें बताता है कि सत्य अनेक दृष्टिकोणों का समन्वय है। आज का मानव भौतिकता में उलझकर अपने मूल स्वरूप से दूर हो रहा है, ऐसे समय में महावीर का संदेश हमें स्वयं को पहचानने और जीवन को सरल व सार्थक बनाने की प्रेरणा देता है।

***महावीर एक दीप हैं, जो अज्ञान का अंधकार दूर करते हैं।***
***महावीर एक किनारा हैं, जहाँ भटकी चेतना को विश्राम मिलता है।***
***महावीर एक कमल हैं, जो संसार में रहकर भी निर्मलता सिखाते हैं।***
***'जागे सो महावीर'...यह जीवन का आह्वान है, जो अपने भीतर जाग गया, वही उनके मार्ग पर है।***

आइए, जन्म कल्याणक के इस पावन अवसर पर हम संकल्प लें कि उनके सिद्धांत, सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य और ब्रह्मचर्य को अपनाकर समाज में शांति और प्रेम का प्रकाश फैलाएँ। यही महावीर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

**संस्थापक अध्यक्ष -** जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप प्रीमियम मैन, संस्थापक अध्यक्ष अखिल भारतीय मूर्तिपूजक युवक महासंघ इंदौर, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव-जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन, इंदौर प्रमुख - ऑल इंडिया जैन माइनॉरिटी फेडरेशन, प्रमुख शिल्पकार-जैन श्वेतांबर स्वधर्मी सहायता मिशन, ट्रस्टी - चवलेश्वर पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर तीर्थ भीलवाड़ा, ट्रस्टी–श्री राजेंद्रसूरी गुरु मंदिर ट्रस्ट मक्सी पार्श्वनाथ

# पद्मावती वेंकटेश मंदिर में कल से आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थान विद्या पैलेस कॉलोनी एरोड्रम रोड पर हनुमान जयंती का आयोजन कल 1 अप्रैल से शुरू होगा, कल रात भजन संध्या होगी और 2 अप्रैल हनुमान जयंती पर सामूहिक सुन्दरकांड पाठ और आरती प्रसादी का आयोजन होगा।

# अरण्या धाम में ड्राय फ्रूट का भोग लगेगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्वी क्षेत्र के अरण्यधाम संत आश्रम पर हनुमान जयंती पर अखंड रामचरित मानस की चोपाइयों का रसपान भी श्रद्धालु करेंगे। हनुमानजी को 2 अप्रैल को 151 किलो ड्राय फ्रूट पंचमेवा का भोग लगाया जाएगा। आरती और सुन्दरकांड का पाठ भी होगा। रात्रि में भंडारा भी होगा।

# हनुमानजी के दरबार में भजन संध्या

## कल सुबह निकलेगी प्रभातफेरी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राम भक्त हनुमान मंदिर सुभाष चौक - राजवाड़ा पर हनुमान जयंती को लेकर आयोजन किए जा रहे हैं। कल भी हनुमानजी के समक्ष भजन संध्या का आयोजन किया गया। जीतू गुरु ने बताया कि हनुमान चालीसा और राम भजनों पर श्रद्धालुओं ने भक्ति दिखाई, कीर्तन पर नृत्य भी किया। कल 1 अप्रैल की सुबह 5 बजे रामभक्त हनुमानजी नगर भ्रमण पर शोभायात्रा में निकलेंगे। श्रद्धालुओं के हाथों में ध्वज भी होंगे और झांकियां भी चलेगी।



# थाना प्रभारी का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माँ वैष्णो देवी भक्त युवा मंडल के धर्मेन्द्र सोनी, हेमराज सेन और टीम ने बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम का पुलिस की रेकिंग नम्बर-1 आने पर सम्मान किया।

# फुलेर माली समाज कराएगा सामूहिक विवाह

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री सकल पंच जयपुरी फुलेर माली समाज से जुड़े नितेश राजोरिया ने बताया कि वरिष्ठों के मार्गदर्शन में 18 एवं 19 अप्रैल अक्षय तृतीया पर आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कमेटी का निर्माण भी किया गया है। कैलाश टंकड़ा, दामोदर सूईवाल, मुन्नालाल थलोरे, महोनलाल मावर, मांगीलाल मावर, नारायण जादम, रामचन्द्र मंडावरा, परसराम सानधवा, रामनारायण सूईवाल, सुनील टांक सहित अन्य को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# गौसेवक योगेश होलानी का अभिनंदन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गोकुलम सेवा न्यास द्वारा संचालित रेशम केंद्र यशवंत सागर स्थित गोकुलम गौशाला में पिछले 8 वर्षों से निशुल्क सेवा देने वाले गौसेवक योगेश होलानी का गौशाला द्वारा आयोजित स्नेह मिलन समारोह में अभिनन्दन किया गया। राजेश गर्ग केटी, ओमप्रकाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल,विनोद खेमका, मुकेश जैन, देवकीनंदन अग्रवाल, अशोक गुप्ता, हुकुमचंद सांवला, वीरेंद्र धाकड़, मुकेश अग्रवाल, वासु टिबडेवाल, भरत केडिया, नंदकिशोर अग्रवाल, अमित मोदी, एसपी बंसल, मनीष गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# पायल की झनकार कार्यक्रम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रीतम लाल दुआ सभागृह में झनकार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित एक संगीत कार्यक्रम गूंज उठी छम छम...पायल की झनकार के आयोजन में गायक डॉ. शिल्पी मेहता, डॉ. सुनील गहलोत, डॉ. मनीष डोंगरे, डॉ. जगदीश सैनी, श्रीनिवास राव, सुनीला राव, गुरमीत सिंह होरा, सुभाष पालीवाल, जिस्मी पचोली, विजय अरोरा, महेंद्र त्रिवेदी, नानक डोडेजा, राजेन्द्र कुमार गुप्ता ने प्रस्तुति दी।



# भू-समाधि स्थल का भूमि पूजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आगामी 5 से 15 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहे हनुमंत मेला,तीन दिवसीय दिव्य भू-समाधि साधना एवं सर्व समाज निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का ग्राम पिपलिया लोहार स्थित संकट मोचन हनुमंत मंदिर परिसर में भूमिपूजन राजगुरु महाराज की मौजूदगी में किया गया।

# 1 हजार से अधिक लोगों ने कराई दो दिनों में जांच

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नीनादेवी अग्रवाल की स्मृति में चलाए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के अंतर्गत स्कीम 140, आंचल नगर स्थित अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के भवन पर स्वास्थ्य शिविर में दो दिनों में 1062 से अधिक बंधुओं ने जांच कराई। डॉ. विनिता कोठारी एवं उनकी टीम के 20 चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ ने सेवाएं दी। अब अगला शिविर दिव्य शक्तिपीठ में 4 और 5 अप्रैल को लगेगा। किशोर गोयल, कुलभूषण मित्तल कुक्की, अरविन्द बागड़ी, शीतल तोडीवाला, प्रहलाद अग्रवाल, राम ऐरन, मंजू ऐरन, वीणा बिंदल, रूबी जैन, पिंकी गुप्ता, डॉ. तरु गुप्ता मौजूद थे।



# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 10 अप्रैल से होगा शुरू

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में अब समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 10 अप्रैल से प्रारंभ होगा। पूर्व में इन संभागों में खरीदी कार्य एक अप्रैल से शुरू किया जाना प्रस्तावित था। इसके अतिरिक्त उपरोक्त संभागों को छोड़कर प्रदेश के अन्य सभी संभागों में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 15 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा।

# सिंधी पंचायत ने दिए लेपटॉप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जेकबाबाद जिला सिंधी पंचायत द्वारा नंदकुमार कस्तूरी की स्मृति में मेधावी छात्र सम्मान एवं लैपटॉप वितरण समारोह का आयोजन किया गया। 15 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए गए। 135 प्रतिभाशाली छात्रों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथि डॉ. माधव हसानी एवं राकेश शर्मा थे। मनोहर नागपाल, सुदीप शेरवानी, मनीष देवनानी, रमेश मूलचंदानी का सम्मान किया गया।राजा मांधवानी, लालचंद वाधवानी, गोपाल परियानी, वासुदेव हरगुनानी, अजय वर्मा, डॉ. जय कुमार परियानी, दीपचंद चावला, हरीश कस्तूरी, मंशाराम राजानी, राकेश पंजवानी मौजूद थे।





# लघु कथा कहानी संग्रह लोकार्पित

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। लेखिका अलीशा सक्सेना एवं वीना सक्सेना द्वारा लिखित कहानी संग्रह 'पद चिन्ह' का लोकार्पण किया गया। प्रो. योगेन्द्रनाथ शुल्क, सुधीर महाजन, एमएल चतुर्वेदी, मुकेश इंदौरी,साधना सक्सेना, नीलम श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, सुरेश अजनबी, अरुण अपेक्षित, गौरव सक्सेना, पल्लवी सक्सेना, वैदिका सक्सेना उपस्थित थे।

# मिर्गी विशेषज्ञों ने किया परीक्षण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर मिर्गी विशेषज्ञ एसोसिएशन समिति द्वारा गीता भवन में पर्पल डे पर कार्यशाला का आयोजन कर मिर्गी मरीजों का परीक्षण भी किया। चिकित्सकों ने परीक्षण के अलावा जानकारी दी कि अधिक मोबाइल और टीवी के उपयोग, तेज आवाज में संगीत, अनियमित खानपान, नींद और खून की कमी से भी मिर्गी का रोग बढ़ सकता है।डॉ. रेणुका मेहता, डॉ. वीवी नाडकर्णी, डॉ. गजेन्द्र भंडारी, डॉ. बसंत डाकवाले, नीलम राणाडे, डॉ. कुरेचिया ने अपनी भूमिका निभाई। गीता भवन ट्रस्ट अध्यक्ष राम ऐरन ने उक्त जानकारी दी।



## प्रशिक्षण एवं सम्मान समारोह



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सरलजीत तपोवनधाम, रालामंडल में वाय मी-योगा मैडिटेशन एनर्जी संस्था द्वारा आयोजित प्रशिक्षण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



# वैश्य समाजजनों ने किया स्वागत

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारी अरविन्द बागडी, धीरज खंडेलवाल, कैलाश खंडेलवाल ने वैश्य समाज की ओर से कांच मंदिर से निकले दिगम्बर जैन समाज के जुलूस में साधु-संत और समाजजनों का स्वागत किया। आज सुबह श्वेताम्बर जैन समाज के जुलूस का पीपली बाजार में स्वागत किया गया।

# 'जल शक्ति से नव भक्ति' अभियान




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था अनंत जीवन सेवा एवं शोध समिति द्वारा राऊ सेक्टर में 'जल शक्ति से नव भक्ति' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन जागरूकता बढ़ाना और जल संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 77 एवं 78 सहित रालामंडल, मिर्जापुर, असरावद, मोरोद और तिल्लौर गांव नगर परिषद राऊ के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें महिलाओं, युवाओं और बच्चों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

# समाधान योजना में सरचार्ज माफी का अंतिम दिन आज

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मप्र शासन ऊर्जा विभाग की तीन माह या अधिक समय के बकाया बिजली बिलों में छूट देने के संबंध में 31 मार्च तक लागू समाधान योजना से सबसे ज्यादा इंदौर जिले के करीब 96 हजार उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। दूसरे क्रम पर खरगोन जिले के 93000 उपभोक्ता, तीसरे क्रम पर उज्जैन जिले के 92000 उपभोक्ता, रतलाम जिले के 78600, मंदसौर जिले के 70500 उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। अधिकारिक जानकारी अनुसार मार्च अंत तक जारी समाधान योजना अंतर्गत 50 से 90 प्रतिशत तक छूट पात्रतानुसार प्राप्त की जा सकती है।

# जिम्मेदारों की अनदेखी से पॉश एरिया का बगीचा बना पार्किंग का अड्डा

## खातीवाला टैंक क्षेत्र के बड़े बगीचे में लंबे समय से गायब है हरियाली

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** इंदौर नगर निगम क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से खातीवाला टैंक क्षेत्र के पॉश एरिया का शानदार बगीचा अब सिर्फ खाली मैदान के रूप में पार्किंग का अड्डा बन गया है। हालत यह है कि खातीवाला टैंक क्षेत्र का यह बड़ा बगीचा क्षेत्र के चुनिंदा रहवासियों और आसपास वालों की गाड़ियां पार्क करने के लिए एक खाली मैदान बनकर रह गया है। जबकि पहले कभी यहां बगीचे में हरियाली के साथ हरी भरी घास में बेहतर बैठक व्यवस्था रहती थी। साथ ही सुबह - शाम घूमने आने वालों के लिए घर के नजदीक शानदार बगीचे के रूप में बेहतरीन विकल्प था। लेकिन अब हालत यह है कि पिछले कुछ सालों में यह बगीचा निगम के जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी का शिकार बनकर रह गया। जिसके बाद धीरे - धीरे यहां से हरियाली और पेड़-पौधे सब गायब होने लगे और अब यह बगीचा केवल मैदान



बनकर रह गया।

इससे क्षेत्र के रहवासी परिवारों में जमकर नाराजगी है। लोगों का कहना है घर के नजदीक क्षेत्र का सबसे बड़ा बगीचा होने के बाद भी इतने समय से इस बगीचे का विकास नहीं हो पा रहा है। जबकि निगम दूसरी तरफ लाखो रुपए खर्च कर नए बगीचे बना रहा है। इस सालों पुराने बगीचे की अनदेखी कर रहा है। यही नहीं रहवासियों का कहना है कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों से कई बार इस बगीचे के विकास और सौंदर्यकरण को लेकर शिकायत और मांग कर चूकें है, लेकिन जिम्मेदार है कि ध्यान ही नहीं दे रहे है। जिसके कारण अब यह बगीचा बगीचा ना होकर खाली मैदान बनकर रह गया। जहां से हरियाली के साथ टूटी सुरक्षा बाउंड्रीवॉल और यहां तक की जालियां भी चोरी हो रही है। जिसकी शिकायत के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बगीचे में क्षेत्र के साथ कुछ आसपास के अन्य रहवासी भी आकर गाड़ियां पार्क कर रहे हैं। जिससे बच्चों के खेलने के लिए जगह नहीं बची। यही नहीं ना घूमने के लिए वाकिंग ट्रेक है। वहीं अब उजाड़ बगीचा खाली मैदान के रूप में तब्दील हो गया है, जहां दिन रात असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है।

# बजट ने अटकाया प्रकाश का बगीचा प्राथमिक विद्यालय नवनिर्माण का कार्य

## डेढ़ करोड़ की लागत से होना था सरकारी स्कूल जीर्णोद्धार कार्य

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा तीन के अंतर्गत आने वाले रावजी बाजार थाना क्षेत्र और कब्रिस्तान के पास स्थित प्रकाश का बगीचा प्राथमिक विद्यालय की हालत यह है कि करीब 2 साल पहले क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर निगम ने लगभग डेढ़ करोड रुपए की लागत से इस शासकीय विद्यालय में नवनिर्माण और पुरानी इमारत को तोड़कर नई स्कूल इमारत बनाने की तैयारी शुरू की थी। जिसको लेकर शाला प्रकोष्ठ द्वारा निविदा जारी कर काम भी शुरू करवा दिया था। लेकिन अब हालत यह है कि लगभग 2 साल बाद भी हालत यह है कि निगम यहां दो ईंट भी नहीं लगवा पाया। दरसअल निगम द्वारा जिस ठेकेदार को यहां काम करने के लिए काम सौंपा गया था उसके द्वारा यहां खुदाई




कर काम तो शुरू कर दिया लेकिन लेकिन पुरानी इमारत को तोड़कर आधे से ज्यादा हिस्से में आधे - अधूरे कालम खड़े कर पैसा नहीं मिलने से लंबे समय से ठेकेदार काम छोड़कर गायब है। उसके बाद निगम ने कई बार प्रयास कर लिए लेकिन आज तक ना काम शुरू हुआ और ना मलबे के ढेर हटें।

**बच्चों को मजबूरी में बरसों पुरानी इमारत में मलबे के ढेर के बीच करना पड़ रहा है पढ़ाई**

अब हालात यह है कि करीब पौने दो सौ से बच्चों को आधे-अधूरे स्कूल की वही बरसों पुरानी आधी अधूरी इमारत में मजबूरी में अपनी पढ़ाई करना पड़ रही है। जबकि बच्चों को नहीं इमारत निर्माण कर पहले से और ज्यादा सुविधाजनक स्थिति में भविष्य की पढ़ाई करने के सपने दिखाए गए थे। लेकिन अब हालात यह है कि 2 साल बाद भी ना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ना निगम अब तक बच्चों के लिए नई स्कूल इमारत बना पाया। जबकि इसको लेकर निगम द्वारा लंबे समय से फाइल मंजूरी होने के बावजूद जिम्मेदारों द्वारा यहां के काम को प्राथमिकता नहीं दी गई। इसलिए इतने समय से यहां स्कूल निर्माण का काम अधूरा है। यही नहीं चार दीवारी होने बाद अभी तक एक कमरा तक तैयार नहीं हो पाया। जबकि निगम अन्य जगह लगातार पुराने स्कूल भवन के जीर्णोद्धार को लेकर काम करवा रहा है। लेकिन यहां की अनदेखी हो रही है।

# शहंशाह मालवा कॉलोनी की गलियों में अब नहीं होगी अधूरी सड़क से परेशानी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 40 के अंतर्गत आने वाले शहंशाह मालवा कॉलोनी और आसपास की कॉलोनी से जुड़ी मुख्य सड़क निर्माण को लेकर नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। जिससे अब आने वाले मानसून सीजन के शुरू होने से पहले निगम यहां लगभग 36 लाख रुपए के आसपास खर्च कर क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर बेहद जल्द यहां नई सड़क निर्माण कर लोगों को बड़ी राहत देने जा रहा है। जबकि अभी स्थिति यह है कि वर्तमान सड़क की हालत इतनी खराब है कि लोगों को गाड़ियों से तो क्या पैदल चलने में भी दिक्कत हो रही है।

**रहवासियों की मांग पर पार्षद ने फाइल मंजूर करवाई,अब शुरू होगा काम** -वहीं पिछले दिनों क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों वार्ड 40 के पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार और क्षेत्रिय विधायक महेन्द्र हार्डिया के प्रयासों से निगम ने यहां की सड़क निर्माण की फाइल को मंजूरी दी। वहीं अब आने वाले दिनों में अगले एक से माह में क्षेत्र के लोगों को राहत देने के लिए जल्द ही यहां सड़क निर्माण का कार्य शुरू करवाने की तैयारी है ताकि बारिश के सीजन में लोगों को आने-जाने में दिक्कत ना हो। यही नहीं कीचड़ के कारण यहां की नरम सतह पर आधी-अधूरी सड़क के कारण गाड़ियां न फंसे और लोगों को निकालने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो उसके लिए निगम यहां सीमेंटेड सड़क का निर्माण करने वाला है। जिसको लेकर वर्तमान में निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# माता वैष्णो देवी जाने वाले यात्रीगण कृपया ध्यान दें...

## उत्तर रेलवे जम्मू मंडल में ट्रैफिक ब्लाक के कारण रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनें होगी प्रभावित

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** उत्तर रेलवे जम्मू मंडल में ट्रैफिक ब्लॉक होने के कारण रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। जिनमें अंबेडकर नगर से चलने वाली डॉक्टर अंबेडकर नगर श्री माता वैष्णोदेवी कटड़ा एक्सप्रेस गाड़ी 31 मार्च को शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर रेलवे स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी। जबकि शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा तक निरस्त रहेगी। इसके अलावा भी कुछ और ट्रेनें प्रभावित होगी।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार प्रभावित ट्रेनों में 31 मार्च, 2026 को डॉ. अम्बेडकर नगर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12919 डॉ. अम्बेडकर नगर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस उधमपुर रेलवे स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी। इसके अलावा 31 मार्च, 2026 को हापा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12475 हापा श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा एक्सप्रेस, शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर से श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा तक निरस्त रहेगी। साथ ही यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेनों के ठहराव, समय एवं संरचना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या इसके साथ ही रेल वन ऐप पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### सागर विहार और श्यामनगर कॉलोनी के पीछे

# आरवी पुल की क्षतिग्रस्त सड़क पर नहीं फंसेगी गाड़ियां

## निगम 40 लाख रुपए खर्चकर दिलाएगा ऊबड़-खाबड़ सड़क से राहत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 21 से जुड़े क्षेत्र सागर विहार और श्याम नगर के पीछे आरवी पुल पर लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क के कारण होने वाली परेशानी से लोगों को अब आजादी मिलने वाली है। आने वाले दिनों में बहुत जल्द निगम यहां क्षतिग्रस्त सड़क की जगह लगभग 40 लाख रुपए के आसपास खर्च कर नई सड़क निर्माण की सौगात देने वाला है। यही नहीं कहा जा रहा है की बारिश से पहले निगम यहां काम शुरू करने की तैयारी में है ताकि पुलिया के आसपास और कालोनियों से मानसून के दौरान गुजरने वाले लोगों को नई सड़क बनने से बड़ी राहत मिलेगी।

वहीं अभी हालत यह है कि लगभग आधा दर्जन कॉलोनी से जुड़ी श्याम नगर और सागर विहार कॉलोनी से जुड़ी पुलिया के आसपास क्षतिग्रस्त सड़क के कारण लोगों को निकालने में भारी दिक्कत और परेशानी हो रही है। वहीं अब आने वाले दिनों में अगले दो से तीन महीने में मानसून की शुरुआत से पहले सड़क बनकर तैयार हो जाने से लोगों को फिर दिक्कत नहीं होगी। इसी को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों और रहवासियों की मांग पर निगम ने लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण को लेकर निविदा संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। सड़क निर्माण प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक बारिश से पहले निगम यहां सड़क निर्माण को लेकर अपनी ओर से तमाम तैयारियां पूरी कर काम शुरू कर देगा।

## संपादकीय

### चुनावी दहलीज पर 'मुफ्त' की रेवड़ियां: विकास के नाम पर खजाने से वसूली, क्या 'वोट' के लिए ही याद आती हैं 'मावां-धीयां'

देश भर में चुनावों से ठीक पहले सरकारी योजनाओं को अमली जामा पहना कर मतदाताओं को लुभाने के लिए जिस तरह से प्रयास होते हैं, उस पर प्रायः सवाल उठते रहे हैं। चुनाव की आहट महसूस होते ही सत्तासीन और विपक्षी दलों की ओर से मतदाताओं को लुभाने के लिए घोषणाओं का दौर शुरू हो जाता है। इस दौरान मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है, जब बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं के खाते में दस-दस हजार रुपए भेजे थे। इसी तरह अब पंजाब सरकार ने 'मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए और अनुसूचित जाति की महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए मिलेंगे। यह आम आदमी पार्टी का वर्ष 2022 के चुनाव से पूर्व किया गया प्रमुख वादा था, जिसे अब अगले चुनाव से एक साल पहले लागू किया जा रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या राज्य सरकार ने अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर महिलाओं को यह मुफ्त की सौगात दी है? गौरतलब है कि देश भर में चुनावों से ठीक पहले सरकारी योजनाओं को अमली जामा पहना कर मतदाताओं को लुभाने के लिए जिस तरह से प्रयास होते हैं, उस पर प्रायः सवाल उठते रहे हैं। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की इस प्रवृत्ति से राज्यों के खजाने पर असर पड़ता है। इस मसले पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी पिछले माह कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा था कि कई राज्य सरकारें कर्ज में डूबी हैं, फिर भी वे मुफ्त की सौगात बांट रही हैं। इसमें दोराय नहीं कि नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं देना सरकार का कर्तव्य है, मगर चुनावी लाभ के लिए मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की जो होड़ लगी है, उसका नुकसान अंततः राज्यों को ही उठाना पड़ता है। विकास की योजनाओं पर खर्च होने वाली राशि का एक बड़ा हिस्सा चुनावी घोषणाओं को लागू करने में निकल जाता है। अहम सवाल यह है कि चुनाव से पहले ही इस तरह की योजनाएं क्यों लागू की जाती हैं? जबकि कायदे से नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में काम किया जाना चाहिए।

# हथौड़े से किया हमला नाबालिग समेत दो घायल

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र के राहुल गांधी नगर में गली के विवाद के दौरान युवक ने हथौड़े से हमला कर एक व्यक्ति और उसकी नाबालिग बेटी को घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार फरियादी रमेश राठौर निवासी राहुल गांधी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात करीब 10 बजे उसके बड़े भाई का बेटा राज व मदन घर के सामने गली में झगड़ा कर रहे थे। बीच बचाव के लिए रमेश का बेटा गौतम और 17 वर्षीय बेटी पहुंचे, इसी दौरान रमेश भी मौके पर आ गया। आरोप है कि राज ने गाली गलौज करते हुए घर से हथौड़ा लाकर रमेश के सिर पर वार किया। बीच बचाव करने पहुंची बेटी के माथे पर भी हथौड़े से हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। आरोपी ने जान से खत्म करने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी राज के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिना अनुमति प्रदर्शन कर रहे 100-150 छात्रों के साथ पहुंचे संचालक पर केस

**इंदौर।** पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में कलेक्टर कार्यालय परिसर में बिना अनुमति प्रदर्शन करने पर कोचिंग संचालक सहित अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। घटना के दौरान यातायात बाधित होने और कानून व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति बनी। पुलिस के मुताबिक एएसआई अनवर सैय्यद की रिपोर्ट पर कार्रवाई की गई। आरोप है कि न्यू अतुल्य एकेडमी के संचालक गोपाल प्रजापत के नेतृत्व में करीब 100 से 150 छात्र बिना पूर्व सूचना और वैध अनुमति के मोतीतबेला स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। बताया गया कि नगर निगम द्वारा अवैध होर्डिंग और बकाया राशि को लेकर जारी नोटिस के विरोध में ज्ञापन देने के लिए यह भीड़ एकत्रित हुई थी। इस दौरान मुख्य मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ और कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस ने गोपाल प्रजापत के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार हड़पने वाले जालसाज पर केस दर्ज

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में अमानत में खयानत और धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। एक युवक ने फरियादी से उसके पिता के नाम पर रजिस्टर्ड कार ली और उसे वापस करने के बजाय खुर्द-बुर्द कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक फरियादी मोहित पिता विजय सूर्यवंशी निवासी श्यामनगर, सुखलिया ने थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहित ने बताया कि आरोपी फैजान पिता इसरार शाह निवासी सम्राट नगर, खजराना ने उससे मेल-जोल बढ़ाकर भरोसे में लिया। फैजान ने मोहित के पिता के नाम पर रजिस्टर्ड मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर क्रमांक एमपी-09 झेडजे 2262 किसी काम के बहाने ली थी। मोहित का आरोप है कि आरोपी फैजान ने कार वापस करने के बजाय उसे खुर्द-बुर्द करने की नीयत से अपने पास रख लिया। काफी समय बीत जाने और बार-बार मांगने के बाद भी जब फैजान ने कार नहीं लौटाई, तब मोहित को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास हुआ। फैजान ने न तो कार वापस की और न ही उसका कोई सही जवाब दिया, जिससे स्पष्ट हुआ कि उसने अमानत में खयानत की है।

## 15.5 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ धराया पैडलर

**इंदौर।** शहर में नशे के अवैध कारोबार पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत खजराना थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 15.5 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई है। थाना प्रभारी मनोज सेंधव के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक नशीले पदार्थ की सप्लाई करने की फिराक में है। इस पर पुलिस टीम ने दस्तूर डिलाइट के पीछे स्थित खाली मैदान में दबिश दी। वहां संदिग्ध अवस्था में खड़े युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम नूर मोहम्मद उर्फ भय्यू पिता आसिफ अली निवासी रोशन नगर होना बताया। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से 15.5 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस ड्रग्स की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ड्रग्स जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। खजराना पुलिस अब नूर मोहम्मद से कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि वह यह नशीला पदार्थ कहाँ से लाया था और इंदौर में किन लोगों को इसकी सप्लाई करने वाला था। पुलिस को इस मामले में शहर के अन्य ड्रग पेडलर्स के शामिल होने की भी आशंका है।

## रूप की रानी कहकर अश्लील गाना गाया, विरोध करने पर डंडे से पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ सरेराह छेड़छाड़ और मारपीट की घटना हुई है। आरोपी ने पहले महिला पर अश्लील फब्तियां कसीं और जब उसने विरोध किया, तो डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

गांधी नगर पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि वह घर से दुकान पर सामान लेने जा रही थी। जैसे ही वह अरिहंत नगर पिपलेश्वर महादेव मंदिर के सामने पहुँची, वहां पहले से मौजूद आरोपी अनिल भैरवे पिता गम्पू भैरवे ने उसे रोक लिया। आरोपी ने पीड़िता को देखकर अश्लील तरीके से गाना गाते हुए कहा तुम रूप की रानी हो, धूप में ना निकला करो। महिला ने जब आरोपी की इस हरकत का कड़ा विरोध किया और उससे पूछा कि तुम इस तरह क्यों बोल रहे हो, क्या अपने घर पर भी ऐसा ही बोलते हो, तो आरोपी आगबबूला हो गया। उसने पीड़िता के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और डंडे से उस पर हमला कर दिया। इस हमले में महिला को शरीर पर चोटें आई हैं। जाते-जाते आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। गांधी नगर पुलिस ने आरोपी अनिल भैरवे के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# पावर हाउस के कर्मचारी पर हमला

### *वायरलेस सेट छीना और सिर पर मारा पत्थर बिना नंबर की बाइक छोड़ भागे बदमाश*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित नरवल पावर हाउस पर ड्यूटी के दौरान एक कर्मचारी पर हमले की वारदात हुई है। अज्ञात बदमाशों ने कर्मचारी को डराने की कोशिश की और विरोध करने पर सिर में पत्थर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक फरियादी प्रकाश पिता प्रेमलाल निवासी अलवासा, नरवल पावर हाउस में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति बिना नंबर की मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा और प्रकाश से पूछताछ करने लगा कि यहाँ कौन-कौन ड्यूटी करता है। जब प्रकाश ने उससे पूछा कि उसे इस जानकारी से क्या मतलब है, तो आरोपी जबरन पावर हाउस के अंदर घुसने की कोशिश करने लगा। प्रकाश ने जब आरोपी को रोका और अपने वरिष्ठ अधिकारियों को वॉकी-टॉकी पर सूचना देने लगे, तो आरोपी आपा खो बैठा। उसने प्रकाश के हाथ से वायरलेस सेट छीनकर फेंक दिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपी ने पास पड़ा एक पत्थर उठाकर प्रकाश के सिर पर मार दिया, जिससे वे घायल हो गए। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। कुछ देर बाद हमलावर अपने अन्य साथियों के साथ वापस लौटा और प्रकाश के साथ दोबारा मारपीट करने लगा। शोर सुनकर जब पावर हाउस का अन्य स्टाफ मौके पर पहुँचा, तो पकड़े जाने के डर से सभी आरोपी अपनी बिना नंबर की मोटरसाइकिल वहीं छोड़कर पैदल ही भाग निकले। भागते समय आरोपियों ने धमकी दी कि आज तो बच गया, आइंदा हमसे उलझा तो तुझे जान से खत्म कर देंगे। घटना के बाद बाणगंगा पुलिस ने प्रकाश की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मौके से जब्त की गई बिना नंबर की बाइक के आधार पर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

# कोचिंग क्लास में घुसकर छात्रा से छेड़छाड़.. 'मुझसे बात करो' कहकर जबरन पकड़ा हाथ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**संयोगितागंज थाना क्षेत्र में एक 19 वर्षीय छात्रा को उसकी कोचिंग क्लास के अंदर घुसकर एक युवक ने प्रताड़ित किया। आरोपी ने न केवल छात्रा के साथ अभद्रता की, बल्कि बीच-बचाव करने आए शिक्षकों और अन्य छात्रों के सामने ही उसे जान से खत्म करने की धमकी भी दे डाली।**

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक 19 वर्षीय पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी कोचिंग क्लास में पढ़ाई कर रही थी तभी आरोपी अभिषेक पिता सतीश चोरे निवासी सुखलिया वहां पहुंचा और चिल्लाने लगा कि तुझसे बात करनी है। जब छात्रा ने मना किया, तो अभिषेक ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ा और उसे जबरदस्ती घसीटते हुए क्लास से बाहर ले गया।बाहर ले जाकर आरोपी ने छात्रा से कहा कि मैं तुझसे प्यार करता हूँ। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो वह गाली-गलौज पर उतारू हो गया और गुस्से में छात्रा का मोबाइल फोन जमीन पर पटक कर तोड़ दिया। शोर सुनकर कोचिंग के शिक्षक और क्लास के अन्य छात्र बाहर आ गए। उन्होंने जब अभिषेक को डांटा और वहां से जाने को कहा, तो जाते-जाते आरोपी ने फिल्मी अंदाज में धमकी दी कि आज तो सर और क्लासमेट्स ने बचा लिया, आइंदा मुझसे बात नहीं की तो जान से खत्म कर दूँगा। घटना के बाद डरी-सहमी छात्रा ने परिजनों को जानकारी दी और थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई।

# म.प्र. के हितार्थ व वैदेही का जीत से आगाज

## इंदौर ओपन एशियन जूनियर अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट



**इंदौर।** म.प्र. टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित इंदौर ओपन एशियन जूनियर अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट में म.प्र. के हितार्थ सुराणा बालक वर्ग में और वैदेही शिंदे ने बालिका वर्ग में शानदार जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं बालक वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त देवांश कंबोज, तीसरी वरीयता प्राप्त अर्जुन दुआ, पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणव गायकवाड़ तथा बालिका वर्ग में सारा फेंगसे ने भी जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया।

इंदौर टेनिस क्लब में सोमवार को इंदौर ओपन एशियन जूनियर अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर भारतीय टेनिस संघ के महासचिव अनिल धूपर, टूर्नामेंट डायरेक्टर परीक्षित शर्मा व मुख्य रैफरी सुराजित बंदोपाध्याय भी उपस्थित थे । संचालन सुरभी शर्मा ने किया।

मुख्य दौर के मुकाबलों में वाइल्ड कार्ड प्राप्त म.प्र. के हितार्थ सुराणा ने पहले दौर में अपना दमदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफइंग दौर से मुख्य दौर में प्रवेश करने वाले हर्षिव तेज को सीधे सेटों में 6-3, 6-1 से पराजित किया। वहीं बालक एकल वर्ग के अन्य मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त देवांश कंबोज ने म.प्र. के विहान नवाब को 6-1, 6-4 से, के. रघुवंशी ने ईवान जैन को 6-1, 6-2 से, प्रयोग पटेल ने आवीर घुमारे को 7-5, 6-2 से, क्वालीफाइंग दौर से मुख्य दौर में प्रवेश करने वाले मुथु जयंथ ने जी. विश्वनाथन को 6-1, 6-2 से, पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय गायकवाड़ ने अजैविक पुरी को 6-0, 6-1 से, तीसरी वरीयता प्राप्त अर्जुन दुआ ने तेजस्व तेजस को 6-4, 6-3 से, आरीष दलवी ने म.प्र. के रूहान तलरेजा को 6-3, 6-2 से, जायेन मोहम्मद ने हारिस खान को 6-1, 7-5 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।

बालिका एकल वर्ग के पहले दौर के मुकाबलों में म.प्र. के वैदेही शिंदे ने अलिरा सिमरा को आसानी से 6-2, 6-0 से पराजित कर बालिका वर्ग में स्थानीय चुनौती को बरकरार रखा है। लेकिन म.प्र. की वैदेही शुक्ला को हार का सामना करना पड़ा। पहले दौर के मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त अवनी पूनागंती ने वैदेही शुक्ला को 6-4, 6-2 से मात देकर स्पर्धा से बाहर कर दिया। बालिका वर्ग के अन्य मुकाबलों में छठीं वरीयता प्राप्त सारा फेंगसे ने तान्या भटनागर को तीन सेटों के मुकाबलों में 6-2, 4-6, 6-0 से, समाईरा जैन ने गार्गी ओक को 6-3, 6-3 से, चौथी वरीयता प्राप्त संरचना दास ने नीवा देसाई को 6-2, 6-4 से, सान्वी मोहन ने अथर्वा पेरम को 6-4, 6-2 से हराया। वहीं खुशी बुध्या ने म.प्र. की आन्या राठी को 6-2, 6-2 से पराजित किया। बालिका वर्ग में उलटफेर भी देखने को मिले। शरन्या सावंत ने तीसरी वरीयता प्राप्त जान्या भंडारी को सीधे सेटों में 6-3, 7-5 से मात दी।

# श्रेयस की निगाहों में अब पंजाब किंग्स के लिए खिताब जीतने की भूख पहले से कहीं ज्यादाः पोंटिंग

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने सोमवार को कहा कि श्रेयस अय्यर के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ट्रॉफी जीतने की ललक अब पहले से कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि इस वजह से वह 2026 सत्र में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं।

पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने सोमवार को कहा कि श्रेयस अय्यर के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ट्रॉफी जीतने की ललक अब पहले से कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि इस वजह से वह 2026 सत्र में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं। पिछले साल टीम के कप्तान के तौर पर फ्रेंचाइजी से जुड़ने के बाद अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स ने ग्रुप चरण में अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। पोंटिंग ने मुल्लांपुर में पत्रकारों से कहा, पिछले साल बल्ले से हमने उनका जैसा खेल देखा, वह शायद आईपीएल में उनके अब तक के सबसे बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक था। मैं उनकी आंखों में देख सकता हूं कि अब खिताब जीतने की ललक पहले से कहीं ज्यादा है। उन्होंने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपने सत्र के पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, पिछले साल एक नयी टीम के कप्तान के तौर पर जीत के इतने करीब पहुंचने के बाद वह निश्चित रूप से इस साल एक कदम और आगे बढ़ने के लिए बहुत उत्सुक हैं। आईपीएल में वह और अय्यर एक और फ्रेंचाइजी (दिल्ली कैपिटल्स) के साथ काम कर चुके हैं और उनका कहना है कि वे दोनों एक जैसा ही सोचते हैं। पोंटिंग ने कहा, हमने साथ में काफी काम किया है। हमने दिल्ली में शायद चार या पांच साल साथ बिताए होंगे। जब मुझे यह भूमिका मिली और मुझे पता चला कि श्रेयस मेगा नीलामी में जा रहे हैं तो मैंने यह सुनिश्चित किया कि मेरे पास नीलामी में उन्हें खरीदने के लिए पर्याप्त पैसे हों। उन्होंने कहा, मैं श्रेयस के साथ दोबारा काम करने के लिए सचमुच बहुत उत्सुक था और पिछले साल हमारे लिए चीजें बहुत तेजी से आगे बढ़ीं। पोंटिंग ने कहा, खेल को लेकर हम दोनों के विचार और मंत्र बहुत मिलते-जुलते हैं।

## कन्केश्वरी गोल्ड कप फुटबॉल स्पर्धा

**इंदौर।** रात्रीकालीन जिला स्तरीय नगद इनामी राशि मॉं कन्केश्वरी गोल्ड कप फुटबॉल स्पर्धा माननीय रमेश मेंदोला के मार्गदर्शन में स्थानीय नेहरू स्टेडियम इंदौर मे 10 से 18 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। आयोजक राकेश सीरसिया ने बताया कि स्पर्धा में आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं जिसमें विजेता उपविजेता टीमों को नगद राशि (21000 एवं 11000) ट्रॉफी व्यक्तिगत पुरस्कारों में प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी स्पर्धा के श्रेष्ठ स्ट्राइकर डिफेंडर गोलकीपर स्पर्धा का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तथा स्पर्धा में तीसरे एवं चौथे स्थान की टीमों को नगद राशि अनुशासित टीम को भी ट्रॉफी से पुरस्कृत किया जाएगा। महिला फुटबॉल के मैच भी स्पर्धा में किए जाएंगे। स्पर्धा का मुख्य आकर्षण खेलप्रेमी दर्शकों के लिए भी लकी ड्रा निकालकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। स्पर्धा में एंट्री हेतु नेहरू स्टेडियम इंदौर में जयेश मार्टिन, अंकित चिरावड़े, अंश सिरसिया को, चिमनबाग मैदान पर विनोद कल्याणे, राजेंद्र पटेल, विकास थापा से संपर्क कर सकते हैं। स्पर्धा में प्रविष्टि हेतु अंतिम 5 अप्रैल तक रहेगी ।

# मध्य प्रदेश को कुल 4 पदक, सीनियर राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगिता सम्पन्न



**इंदौर।** मां कनकेश्वरी देवी विद्यालय के खेल परिसर में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगिता मे हरियाणा प्रथम, दिल्ली दूसरे, एवं पंजाब तीसरे स्थान पर रहा । मध्य प्रदेश ने दूसरे दिन जीते 1 रजत और 2 कांस्य जीते । प्रियांशु सेन ने रजत, कृष्णा यादव और श्रेया यादव ने जीते कांस्य पदक।

स्पर्धा का पुरस्कार वितरण म.प्र ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि कपूर, महासचिव विक्रांत कुमार टेक्निकल डायरेक्टर सोमबीर पावरिया, रेफरिंग डायरेक्टर अंकुश नागर, आतिश जाधव की उपस्थिति मे किया ।

मुख्य अतिथि रमेश मेंदोला को भारतीय कुराश संघ द्वारा उज्बेकिस्तन कि पारम्परिक पोषक पहना कर किया। अतिथियों का स्वागत विवेक स्वामी राहुल व्यास महेश पुरोहित जतिन प्रजापत, फाल्के, कुशाग्र व्यास ने किया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश बाथम ने किया एवं आभार व्यक्त आयोजन सचिव राहुल व्यास ने किया।

## सिख प्रीमियर लीग सीज़न 4 टूर्नामेंट

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सिख समाज के युवाओ के टेलेंट को आगे बढ़ाने के लिए गुरुसिंघ सभा द्वारा केसरबाग ब्रिज के नीचे स्थित टर्फ में 15 दिवसीय टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट सिख प्रीमियर लीग सीज़न 4 का आयोजन किया जा रहा है। पुरुष टीम के साथ ही महिला टीम भी भाग ले रही है।



## आर्य का स्पोर्ट्स साइंस वर्क शॉप हेतु चयन



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदिरा गांधी स्टेडियम दिल्ली में कोच की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कुश्ती कोच 2 अप्रैल तक दिल्ली स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। 30 कोच पहुंच चुके है। गौरव आर्य का स्पोर्ट्स साइंस वर्क शॉप हेतु चयन किया गया है। उक्त जानकारी ओमप्रकाश खत्री ने दी।

## ताइक्वाडो खिलाड़ियों को सफलता



**इंदौर।** कॉम्बेटीव ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों ने विदिशा में संपन्न ब्लैक बेल्ट परीक्षा में नवधा शर्मा, लिपि नागले, खुशी जायसवाल, दीपिका शर्मा, नियति खंडेलवाल ने फर्स्ट डेन ब्लैक बेल्ट व साहिल हीरोलिया, विजय इंदेला, सेकंड डेन ब्लैक बेल्ट परीक्षा में सफलता अर्जित की। इन सभी खिलाड़ियों को इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत महंत, सचिव विकास सिमरैया, इन खिलाड़ियों के कोच मनीष जोशी ने ब्लैक बेल्ट सर्टिफिकेट वितरित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सपना शर्मा ने लगातार चौथा नेशनल गोल्ड जीत रचा इतिहास



**इंदौर।** मध्यप्रदेश की प्रतिभाशाली पैरा ताइक्वांडो खिलाड़ी सपना शर्मा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। बेंगलुरु के कोरामंगला स्टेडियम में आयोजित 4वीं पैरा ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह उनका लगातार चौथा नेशनल गोल्ड है, जिससे वे देश की पहली ऐसी दिव्यांग खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। इस जीत ने इंदौर सहित पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता में लगभग 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जहां फाइनल मुकाबले में सपना ने बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया। तेलंगाना की ममता को रजत पदक और कृष्णवेणी को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। सपना का प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट में शानदार रहा और उन्होंने हर मुकाबले में अपना दबदबा बनाए रखा।

**मेसर्स ताराश्री वेंचरस** (M/S TARASHREE VENTURES)

**11-सी, ओल्ड पलासिया इंदौर मध्य प्रदेश 452001**
**पंजीयक क्र. 03/27/01/0405/26 दिनाक 23-01-2026**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **मेसर्स ताराश्री वेंचरस** एक **पार्टनरशिप फर्म 11-सी, ओल्ड पलासिया इंदौर** मध्य प्रदेश 452001 पंजीयक क्र. 03/27/01/0405/26 दिनाक 23-01-2026 पर पंजीकृत है फर्म में पंजीयन के समय **श्रेयांश छाजेड पिता श्री सुशील छाजेड, अनुक्रति छाजेड पति श्री श्रेयांश छाजेड, प्रांजल छाजेड पिता प्रमोद छाजेड, प्रतिनव छाजेड पिता प्रमोद छाजेड** भागीदार थे। उक्त फर्म की रचना परिवर्तन दिनांक 18-10-2025 को श्रेयांश छाजेड पिता श्री सुशील छाजेड, अनुक्रति छाजेड पति श्री श्रेयांश छाजेड, प्रांजल छाजेड पिता प्रमोद छाजेड, प्रतिनव छाजेड पिता प्रमोद छाजेड फर्म के भागीदारी से स्वेच्छा से पृथक हो गए है एवं उक्त फर्म की रचना परिवर्तन दिनांक 18-10-2025 को एक नए पार्टनर माधव सराफ़ पति श्री रमेश चन्द्र सराफ़ एवं अनूप कुमार जोशी पिता श्री कृष्णा जोशी को फर्म के भागीदारों में सम्मिलित किया गया

**उक्त फर्म की रचना में परिवर्तन दिनांक 18-10-2025 को फर्म के कार्यालय का पता 11-सी, ओल्ड पलासिया इंदौर मध्य प्रदेश 452001 से परिवर्तन कर** 1st **फ्लोर सी 21 बिज़नस पार्क इंदौर जिला इंदौर मध्य प्रदेश पिन कोड 452001 रहेगा।**

वर्तमान में माधव सराफ़ एवं अनूप कुमार जोशी फर्म में भागीदार है

फर्म के भागीदारों के मध्य कोई भी लेनदारी व देनदारी शेष नहीं है सर्व साधारण को सूचित किया जाता है

इस प्रकाशन पर किसी को भी कोई आपत्ति हो तो कृपया प्रकाशन के सात दिन के भीतर दर्ज कराये

**मेसर्स ताराश्री वेंचरस**
**पार्टनर माधव सराफ & अनूप कुमार जोशी**
**पताः 11-सी, ओल्ड पलासिया इंदौर मध्य प्रदेश 452001**

# राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में महाराष्ट्र ने बाजी मारी

## म.प्र. के बॉडी बिल्डरों ने दूसरा स्थान हासिल किया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

इंदौर में इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई के तत्वावधान में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मुख्यालय उज्जैन द्वारा 17वीं सीनियर मेंस वूमेंस नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप हुई, जिसमें म.प्र. के बॉडी बिल्डरों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं पुरुष टीम चैंपियनशिप महाराष्ट्र ने अपने नाम की। चैंपियन ऑफ चैंपियन कार्तिकेश्वर रविकुमार रहे।




बॉस्केटबाल कॉम्प्लेक्स में खेली गई 17वीं राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में महाराष्ट्र के बॉडी बिल्डरों ने 185 अंक हासिल कर पुरुष टीम चैंपियनशिप अपने नाम की। दूसरे स्थान पर म.प्र. की टीम रही जिन्होंने 118 अंकों के साथ सफलता अर्जित की। तीसरा स्थान कर्नाटक टीम ने हासिल किया।

महिला वर्ग में 60 पाइंट के साथ उत्तराखंड की टीम प्रथम स्थान पर रही। दूसरा स्थान तेलंगाना ने तथा तीसरा वेस्ट बंगाल ने हासिल किया। चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब आईबीबीएफ के कार्तिकेश्वर रविकुमार ने हासिल किया। दूसरे मंजूनाथ रहे।

पुरस्कार वितरण इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक मधु वर्मा, मालिनी गौड़, गोलू शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित थे । इस अवसर पर पूर्व वर्ल्ड चैंपियन अर्जुन अवार्डी प्रेमचंद ढींगरा, अध्यक्ष स्वामी रमेश, अंतरराष्ट्रीय महासचिव चेतन पठारे, टीवी पोली, भास्कर अर्जुन का विशेष अभिनंदन किया गया। अतिथि स्वागत अतिन तिवारी, प्रेम सिंह यादव, जितेंद्र सिंह कुशवाहा, गजेंद्र मेहता ने किया । संचालन शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने किया, आभार रोहित जेठवा ने माना।

# जडेजा ने कहा मुझ पर गुलाबी जर्सी अच्छी लगती है



**गुवाहटी।** आईपीएल 2026 में रविंद्र जडेजा की जर्सी का रंग बदल गया है। जडेजा अब जानी-पहचानी सीएसके की पीली जर्सी की जगह राजस्थान रॉयल्स की गुलाबी जर्सी में दिख रहे हैं। जडेजा ने कहा है कि उन पर गुलाबी जर्सी अच्छी लगती है। सीएसके के खिलाफ मैच में जडेजा ने बेहतरीन गेंदबाजी की। सीएसके की पारी की समाप्ति के बाद आरआर में लौटने और अपनी गेंदबाजी पर जडेजा ने बातचीत की। आरआर में अपनी वापसी पर इस दिग्गज ऑलराउंडर ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझ पर गुलाबी रंग अच्छा लगता है।

रविंद्र जडेजा ने सीएसके को एक ही ओवर में दो झटके दिए। उन्होंने सरफराज खान और शिवम दुबे जैसे खतरनाक बल्लेबाजों को एक ही ओवर में आउट कर सीएसके की कमर तोड़ दी। उन्होंने 3 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लिए।

अपनी गेंदबाजी पर जडेजा ने कहा, मैं शिवम दुबे को काफी समय से जानता हूं। उसके खिलाफ नेट्स में काफी गेंदबाजी की है इसलिए पता है कि वह स्पिनरों का सामना कैसे करते हैं। मैं इसके लिए तैयार था और मैंने ऑफ-स्टंप के बाहर गेंदबाजी करने की कोशिश की। मुझे पता था कि वह मेरे खिलाफ बड़े शॉट खेलने की कोशिश करेंगे। मुझे लगा कि विकेट थोड़ा चिपचिपा है और गेंद टर्न हो रही है इसलिए मुझे गेंदबाजी करने में बहुत मजा आया। मेरा काम बस सही जगहों पर गेंद डालना था और बाकी काम पिच पर छोड़ देना था।

### दूसरी बार राजस्थान की टीम में शामिल

जडेजा की आरआर के साथ यह दूसरी पारी है। आरआर ने शेन वॉर्न की कप्तानी में 2008 में खेला गया आईपीएल का पहला सीजन जीता था। जडेजा उस टीम के सदस्य रहे हैं। जडेजा 2012 में सीएसके के साथ जुड़ गए थे और 2025 तक टीम का हिस्सा रहे। इस बीच, 2016 और 2017 में वह गुजरात लायंस के लिए खेले थे। इन दोनों सीजन में सीएसके प्रतिबंधित थी। जडेजा सीएसके के दिग्गज खिलाड़ी रहे हैं और कई बार टीम को चैंपियन बनाने में उनकी बड़ी भूमिका रही है। 2023 के फाइनल में आखिरी 2 गेंदों पर जडेजा ने चौका और छक्का लगाकर सीएसके को आखिरी बार चैंपियन बनाया था। उस पारी को शायद ही कोई सीएसके फैन भूलेगा।

### ट्रेड के जरिए राजस्थान में शामिल

आईपीएल 2026 में ट्रेड के जरिए जडेजा आरआर में आए हैं। आरआर इस अनुभवी ऑलराउंडर से वैसे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी जैसा वह सीएसके का हिस्सा बनकर किया करते थे। जडेजा पहले मैच में गेंदबाजी में टीम की उम्मीदों पर खरे उतरे हैं।

# कप्तान रुतुराज ने बल्लेबाजों पर निकाला हार का गुस्सा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का तीसरे मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक शतकीय पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपरकिंग्स को 8 विकेट से हरा दिया। वैभव ने महज 15 गेंदों पर अर्धशतक लगाया। बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स 128 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी थी। इस मैच के बाद सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने बड़ा बयान दिया।



रुतुराज गायकवाड़ ने सीएसके की हार का सारा बिल बल्लेबाजों पर फाड़ा। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'सच कहूं तो ज्यादा परेशान नहीं हूं। मुझे शुरुआत में परिस्थितियां वाकई मुश्किल लगीं खासकर जोफ्रा और बर्गर का सामना करते समय। उन्होंने बेहतरीन लेंथ पर गेंदबाजी की और उसके बाद भी मीडियम पेसर के लिए थोड़ी मुश्किल थी। स्पिनरों को भी मदद मिल रही थी। हां, बल्लेबाजी में हम बेहतर कर सकते थे मैच को अंत तक ले जा सकते थे अच्छी बल्लेबाजी दिखा सकते थे शायद 150-160 रन तक भी ले जा सकते थे।'

लेकिन आजकल अच्छा स्कोर क्या होता है यह कोई नहीं जानता इसलिए बस खेलते रहना पड़ता है। मुझे लगता है कि आज का दिन थोड़ा मुश्किल था। इसलिए मैं बिल्कुल भी निराश नहीं हूं। (क्या आप टीम के तौर पर दोबारा आकलन करते हैं?) बस इसे भूलकर आगे बढ़ो। तीन दिन बाद हमारा एक और मैच है। यह सुनिश्चित करना है कि सभी खिलाड़ी अच्छे मूड में हों। एक अच्छी बात यह है कि टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं। तो शायद सभी के लिए थोड़ी घबराहट भरी शुरुआत रही होगी लेकिन एक मैच खेलकर शुरुआत करना अच्छा है और कई गलतियों के साथ शुरुआत करना भी अच्छा है।

उन्होंने कहा, मैं हर मैच में अंत तक खेलने का पक्का समर्थक नहीं हूं। लेकिन इम्पैक्ट प्लेयर के साथ आप कभी नहीं जान सकते कि अच्छा स्कोर क्या होगा और औसत स्कोर क्या होगा। इसलिए जब आप 150, 160 या 170 रनों का बचाव कर रहे होते हैं तो अक्सर ऐसा नहीं होता कि मैच 20वें ओवर तक रोमांचक हो जाए। इसलिए मुझे लगता है कि बल्लेबाजों के लिए बस खुद पर और अपने खेल पर भरोसा रखना जरूरी है। अगर आपके एरिया में गेंद आ रही है तो बस उसका फायदा उठाएं।

# वह मुझे बड़े शॉट खेलने के लिए प्रेरित करते हैं: वैभव

**गुवाहाटी।** चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी खेलकर राजस्थान रॉयल्स को 47 गेंद शेष रहते आठ विकेट से बड़ी जीत दिलाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि उनकी योजना पावरप्ले में ही मैच का रुख तय करने की थी। महज 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा करने वाले सूर्यवंशी ने 17 गेंदों की पारी में 52 रन बनाए, जिससे राजस्थान रॉयल्स ने 128 रन के लक्ष्य को 12.1 ओवर में दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

हाल ही में अपना 15वां जन्मदिन मनाने वाले सूर्यवंशी ने मैच के बाद कहा, हमारी योजना पावरप्ले में बड़ा स्कोर खड़ा करने की थी। शुरुआत में विकेट थोड़ा धीमा था, लेकिन बाद में बल्लेबाजी आसान हो गई। कोचों ने मुझ पर भरोसा जताया है और कहा है कि अपने खेल पर कायम रहूं। उन्होंने साथी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की भूमिका की तारीफ करते हुए कहा कि इस भारतीय बल्लेबाज के मार्गदर्शन से उन्हें फायदा हुआ। पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी ने कहा, वह मुझे बड़े शॉट खेलने के लिए प्रेरित करते हैं और कहते हैं कि गेंद अच्छे से बल्ले पर आ रही है और उसी तरह खेलते रहो।

मैच के बाद राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने भी सूर्यवंशी की तारीफ की। उन्होंने कहा, मैं उसे कहता हूं कि पूरे 14 मैच खेले और बाहरी बातों से प्रभावित न हो। हमने नेट्स में उसका खेल



देखा है और वह शानदार है। टीम संयोजन में बाएं-दाएं हाथ के बल्लेबाजों का संतुलन जरूरी है। पराग ने टॉस को निर्णायक बताते हुए कहा कि गेंदबाजों ने परिस्थितियों का बेहतरीन इस्तेमाल किया। पराग ने कहा, टॉस जीतना हमारे लिए थोड़ा भाग्यशाली रहा। बारिश के कारण लाल मिट्टी की पिच गेंदबाजों के लिए मददगार थी और उन्होंने योजनाओं को अच्छी तरह अमल में लाया। कप्तानी के लिए काफी तैयारी की है और हमारा लक्ष्य खिताब जीतना है। हम स्मार्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं और परिस्थितियों के अनुसार ढलना चाहते हैं, जो आज हमने किया।

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने शानदार गेंदबाजी के दम पर 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार हासिल करने के बाद कहा कि टीम को जीत दिलाने में योगदान देना और टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करना बेहद संतोषजनक है। बर्गर ने कहा, जीत में योगदान देना अच्छा लगता है और टीम को अच्छी शुरुआत दिलाकर खुशी हो रही है। टॉस जीतना अहम रहा। पिछले मैचों में बड़े स्कोर देखने के बाद हमने उसी के अनुसार योजना बनाई थी, लेकिन यहां उसे लागू करना अच्छा रहा।

# होटल सामान के गोदाम में लगी आग

## दमकल ने मौके पर पहुंच कर आग पर किया काबू,घबराए रहवासी



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मल्हारगंज की गली नंबर 3 स्थित होटल वर्ल्ड किचन के गोदाम में बीती रात अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बिजली विभाग ने भी तत्काल क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद कर दिया था।

मिली जानकारी के अनुसार मल्हारगंज थाना क्षेत्र के मल्हारगंज की गली नंबर 3 में आग लगने की सूचना पुलिस और दमकल को मिली। यहां स्थित द होटल हब इंदौर जहां होटल से संबधित सामान बेचा जाता है पर आग लगी थी। बताया जा रहा है नितिन पिता प्रेमलाल का तीन मंजिला गोदाम बना हुआ है। आसपास घनी आबादी है। ऐसे में आग फैलने की आशंका को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। फायर ब्रिगेड की टीम लगातार आग पर काबू पाने के प्रयास करती थी। करीब 30 हजार लीटर पानी बहाया गया।



### बंद हो गया था टैंकर

**इधर एक बार फिर फायर ब्रिगेड के वाहन पर उंगलियां उठी है। मल्हारगंज क्षेत्र में आग बुझाने जा रहा टैंकर लोहारपट्टी स्थित भारत माता मंदिर पर बंद हो गया। टैंकर को वहीं खड़ा कर दिया गया। सूत्रों के मुताबित टैंकर में डीजल खत्म हो गया था। इसके बाद दूसरे टैंकर अंतिम चौराहा की ओर से आए, हालांकि वह भी रास्ता भटक कर भारत माता मंदिर तक पहुंच गया था, जहां लोगों ने उसे आगजनी स्थल तक पहुंचाया। उल्लेखनीय के बृजेश्वरी एनएक्स में हुए अग्निकांड में भी फायर विकेट पर उंगलियां उठाई गई थी।**

# क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा तस्कर, एमडी जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त रोकने के लिए सक्रिय इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कर एक ड्रग पेडलर को दबोचा है। आरोपी के कब्जे से 13.07 ग्राम एमडी बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 लाख रुपये आंकी जा रही है।



क्राइम ब्रांच की टीम किला मैदान रोड पर संदिग्धों की सर्चिंग कर रही थी। इसी दौरान श्री एकदंतेश्वर गजानंद मंदिर के सामने एक व्यक्ति पैदल जाता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखते ही वह हड़बड़ा गया और भागने की कोशिश करने लगा। संदेह होने पर टीम ने उसे घेराबंदी कर रोका। पूछताछ में उसने टालमटोल जवाब दिए, लेकिन कड़ाई बरतने पर उसने अपना नाम मोइनुद्दीन उर्फ मोईन मेव निवासी मल्हारगंज।बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक पारदर्शी पन्नी मिली, जिसमें एमडी ड्रग्स भरी हुई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी मोइनुद्दीन ने केवल 9वीं कक्षा तक पढ़ाई की है और वह पेशे से जाली फाटक बनाने का कार्य करता है। इसी काम की आड़ में वह नशे के कारोबार से जुड़ा था। आरोपी ने कबूला कि वह कम दाम में मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर के युवाओं और नशे के आदी लोगों को ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध लाभ कमाता था। पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 13.07 ग्राम एमडी और एक मोबाइल फोन जब्त किया है। जब्त माल की कुल कीमत लगभग 2,00,000 रुपये बताई जा रही है।

# दो बच्चों की मां ने जहर खाकर दी जान

**इन्दौर।** मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हासलपुर में एक विवाहिता द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका दो छोटे बच्चों की मां थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

मृतका की पहचान अरुणा पति छोटू(20), निवासी ग्राम हासलपुर के रूप में हुई है। अरुणा ने अज्ञात कारणों के चलते घर में ही जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।घटना के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसी तरह रावजी बाजार थाना क्षेत्र में भी एक व्यक्ति द्वारा जहर खाकर खुदकुशी कर ली।मृतक की पहचान धरम पिता राजकमल(40), निवासी केशर बाई का बगीचा के रूप में हुई है। धरम ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था, जिसके बाद उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका।

# 17 लाख की ऑनलाइन ठगी

**इन्दौर ।** संयोगितागंज थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक बुजुर्ग को अपना निशाना बनाते हुए 17 लाख 7 हजार 594 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। ठगों ने मोबाइल पर फर्जी लिंक और मैसेज भेजकर बुजुर्ग के बैंक खाते में सेंध लगाई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पांच अज्ञात मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी पूनमचंद्र पिता चंदूलाल महाजन निवासी पारसी मोहल्ला के साथ यह वारदात 2 मार्च को हुई थी। पूनमचंद्र को अज्ञात नंबरों से कुछ मैसेज और मोबाइल लिंक प्राप्त हुए थे। जैसे ही उन्होंने उन लिंक्स पर क्लिक किया उनके खाते से किस्तों में कुल 17.07 लाख रुपये ट्रांसफर हो गए।

# चलती कार का टायर फटा, लोहे की रॉड लेकर आए बदमाशों ने लूटी 200 ग्राम वजनी सोने की चेन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

किशनगंज थाना क्षेत्र में एबी रोड पर पिगडम्बर के पास एक गुजरात के युवक के साथ लूट की बड़ी वारदात हुई है। ढाबे से खाना खाकर लौट रहे मॉडलिंग व्यवसाय से जुड़े युवक की कार का टायर पंक्चर होने का फायदा उठाकर एक कार सवार बदमाशों ने लोहे की रॉड के दमपर पर करीब 200 ग्राम वजनी सोने की चेन लूट ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज कर हाईवे के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिए हैं।

किशनगंज पुलिस के मुताबिक फरियादी रोहन पिता विजय कुमार पाटीदार निवासी दाहोद गुजरात अपने दोस्तों के साथ महू क्षेत्र के एक ढाबे से खाना खाकर वापस इंदौर की ओर लौट रहे थे तभी पिगडम्बर स्थित धानुका कोल्ड स्टोर के सामने उनकी कार का पिछला टायर अचानक फट गया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होने लगी। रोहन ने तुरंत हाईवे किनारे गाड़ी रोकी और नीचे उतरकर टायर देखने लगे। रोहन जब टायर चेक कर रहे थे, तभी वहां एक सफेद रंग की कार आकर रुकी। उसमें से एक अज्ञात व्यक्ति हाथ में लोहे की रॉड लेकर नीचे उतरा। रोहन को लगा कि शायद वह मदद के लिए आ रहा है, लेकिन पास पहुँचते ही उसने रॉड से हमला करने की कोशिश की। रोहन के झुकने पर वह बच गए, लेकिन आरोपी ने उन्हें धमकाते हुए कहाअपनी गले की चेन दे दे, नहीं तो अभी तेरा खोपड़ा खोल दूँगा। बदमाश के तेवर देखकर रोहन सहम गए। आरोपी ने उनके गले से 200 ग्राम वजनी सोने की चेन झपटी और अपनी सफेद रंग की कार में बैठकर तेजी से इंदौर की ओर भाग निकला। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही किशनगंज पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और हाईवे पर नाकाबंदी करवाई, लेकिन सफेद कार का सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने रोहन की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ लूट की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस अब धानुका कोल्ड स्टोर और आसपास के ढाबों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है ताकि सफेद कार के नंबर का पता लगाया जा सके। बताया जा रहा है कि फरियादी मॉडलिंग कारोबार से जुड़ा है उसके साथ मॉडलिंग करने वाली युवतियां भी थी जिनसे भी छीनाझपटी की। हालांकि पुलिस ने युवतियों से छीनाझपटी की पुष्टि नही की है।

# ब्राउन शुगर तस्करी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

## सप्लायरों को माल मुहैया कराता था शातिर नशा तस्कर

इन्दौर। ऑपरेशन प्रहार के तहत नशे के सौदागरों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक फरार आरोपी को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। पकड़ा गया आरोपी मयंक साहू अन्य जिलों से मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर के स्थानीय सप्लायरों को उपलब्ध कराता था। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की जड़ें खंगालने में जुटी है।



एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि, पुलिस ने पूर्व में विशाल नामक एक तस्कर को गिरफ्तार किया था, जिसके पास से 20 ग्राम अवैध 'ब्राउन शुगर' बरामद की गई थी। पूछताछ के दौरान विशाल ने खुलासा किया था कि उसे यह माल मयंक साहू निवासी तिलक नगर ने उपलब्ध कराया था। घटना दिनांक से ही मयंक फरार चल रहा था, जिसे क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी आधार पर घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी मयंक साहू पेशेवर अपराधी है और उसके विरुद्ध शहर के विभिन्न थानों में पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। आरोपी सामान्य रूप से दिहाड़ी वेतन पर रिपेयरिंग आदि का काम करता है, जिसकी आड़ में वह मादक पदार्थों की तस्करी के काले कारोबार को अंजाम देता था।?क्राइम ब्रांच अब मयंक से कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि वह अन्य किन जिलों से नशे की खेप लाता था और इंदौर में उसके संपर्क किन-किन बड़े सप्लायरों से हैं। पुलिस को उम्मीद है कि मयंक की गिरफ्तारी से शहर में सक्रिय ड्रग पेडलर्स के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हो सकेगा।

# गांजे के साथ धराए





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बड़गोंदा पुलिस ने मुखबीर की सूचना के बाद वाहन से मादक पदार्थ गांजा के साथ पवन पिता जोरावर डावर निवासी ग्राम घोड़ाखुर्द एवं संतोष पिता नरसिंह डावर निवासी घोड़ाखुर्द को 2 किलो 650 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा। मोटर सायकल भी जब्त की गई। एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्य में पुलिस के प्रकाश वासकले, अनिल चाकसे, मुन्नालाल यादव, मुकेश नागर, योगेश रघुवंशी, पंकज ओझा, रवि राजावत, मुलायम और कैलाश की भूमिका सराहनीय रही।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।